दैनिक भास्कर बीकानेर 01-08-2024

दैनिक भास्कर

# बीकानेर फ्रंट पेज

सूर्यास्त (गुरुवार) 7:26 बजे | सूर्योदय (शुक्रवार) 5:59 बजे

दैनिक भास्कर बीकानेर, गुरुवार 01 अगस्त, 2024

**सिटी कैलेंडर अगस्त 2024**

# स्नातक प्रवेश के आवेदन 8 अगस्त से, मैराथन दौड़ 29 को

बीकानेर | विद्यालयों में तैयारियों के साथ जिले के मुख्य आयोजन को लेकर प्रशासन भी स्वतंत्रता दिवस की तैयारी में जुटा हुआ है। 15 अगस्त का मुख्य आयोजन करणी सिंह स्टेडियम में होगा। इसके साथ ही विवि से लेकर कालेजों तक परीक्षाओं की तैयारी शुरू हो चुकी है। एमजीएसयू में 8 अगस्त से सेकंड सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। जिला स्तरीय पांच दिवसीय स्कूली खेलकूद 20 अगस्त से 24 अगस्त तक आयोजित किया जाना है। 29 को खेल दिवस पर मैराथन दौड़ का आयोजन होगा।

## स्वतंत्रता दिवस

### जिलास्तरीय कार्यक्रम डॉ. करणीसिंह स्टेडियम में



15 अगस्त के दिन डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम जोश-खरोश के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों और खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी।

## शिक्षा-कंपटीशन परीक्षाएं

**एमजीएसयू: स्नातक प्रथम वर्ष की सेकंड सेमेस्टर की परीक्षाएं 8 से :** स्नातक प्रथम वर्ष के अभ्यर्थियों की सेकंड सेमेस्टर परीक्षाएं 8 अगस्त से 24 सितंबर तक चलेंगी। परीक्षा एक पारी में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। संभाग के 482 कॉलेज में पढ़ने वाले स्नातक प्रथम वर्ष के करीब 1.10 लाख अभ्यर्थी इन परीक्षाओं में शामिल होंगे।



**स्नातक प्रथम वर्ष में श्रेणीवार रिक्त सीटों पर आवेदन 8 से :** स्नातक प्रथम वर्ष में श्रेणीवार रिक्त रहने वाली सीटों पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 8 अगस्त से शुरू होगी। अभ्यर्थी 16 अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन 17 को किया जाएगा। रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 20 अगस्त को होगा।

**स्कूलों में फर्स्ट टेस्ट 21 अगस्त से**

राज्य के स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है। स्कूली विद्यार्थियों के फर्स्ट टेस्ट अगस्त में ही होंगे। जिसके लिए 21 से 23 अगस्त की तिथि निर्धारित की गई है। इससे पूर्व संस्था प्रधानों की वाक्पीठ भी अगस्त के प्रथम सप्ताह में या द्वितीय सप्ताह में आयोजित की जाएगी।

**कॉलेजों में यूजी प्रथम वर्ष की कक्षाएं 10 से**

राज्य के कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाएं भी अगस्त में शुरू होंगी। स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 6 अगस्त तक ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची 8 अगस्त को घोषित की जाएगी। वहीं कॉलेजों में शिक्षण कार्य 10 अगस्त से शुरू होगा।

## खेलकूद

**जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता 20 से :** जिला खेलकूद प्रतियोगिता के तहत प्रथम समूह की पांच दिवसीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताएं 20 से 24 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी। द्वितीय समूह की खेलकूद प्रतियोगिताएं 27 से 31 अगस्त तक होंगी। 17 अगस्त से पहले स्कूली स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करना होगा।

**खेल दिवस पर मैराथन**



राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यानचंद जयंती) 29 अगस्त के दिन एकलव्य फाउंडेशन राजस्थान के तत्वावधान में चौथे रन फॉर फिट बिकाणा का आयोजन डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में किया जाएगा।

**पैरा ओलिंपिक में भागीदारी**



28 अगस्त से 5 सितंबर तक पेरिस में पैरा ओलिंपिक प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें बीकानेर के श्याम सुंदर स्वामी भी भाग लेते हुए भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## विशेष दिवस

- **1 अगस्त :** विश्व फिनटेक दिवस
- **2 अगस्त :** अर्थ ओवरशूट दिवस
- **4 अगस्त :** राष्ट्रीय अस्थि एवं जोड़ दिवस
- **8 अगस्त :** भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ
- **9 अगस्त :** अगस्त क्रान्ति दिवस
- **12 अगस्त :** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस
- **13 अगस्त :** विश्व अंगदान दिवस
- **19 अगस्त :** विश्व फोटोग्राफी दिवस
- **20 अगस्त :** अक्षय ऊर्जा दिवस
- **20 अगस्त :** विश्व जल सप्ताह
- **21 अगस्त :** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस
- **26 अगस्त :** मदर टेरेसा जयंती

**यह कैलेंडर आप क्यूआर कोड को स्कैन करके भी अपने मोबाइल पर ले सकते हैं।**

दैनिक भास्कर अजमेर 01-08-2024

# अजमेर फ्रंट पेज

सूर्यास्त (गुरुवार) शामः 7:12 बजे | सूर्योदय (शुक्रवार) सुबहः 5:43 बजे

दैनिक भास्कर

दैनिक भास्कर, अजमेर, गुरुवार 1 अगस्त, 2024

**सिटी कैलेंडर अगस्त 2024**

## आरपीएससी की 5 परीक्षाएं 3 से 5 तक, ब्लैकमेल कांड की सुनवाई 8 को, पौधरोपण की शुरुआत होगी

अजमेर| अगस्त महीना कई मायनों में महत्वपूर्ण होगा। जिले में 50 से अधिक स्थानों पर पौधरोपण अभियान की शुरुआत होगी। जिला स्तर पर सरकारी विभाग पौधारोपण महोत्सव का आगाज करेंगे। पहले हफ्ते में आरपीएससी की 5 बड़ी प्रतियोगी परीक्षाएं होंगी। बहुचर्चित ब्लैकमेल कांड में अदालत फैसला सुनाएगी। शहर के लोगों को एडीए फिर से भूखंड खरीदने का अवसर देगा। स्वाधीनता दिवस का राजकीय समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

### आरपीएससी

पुरालेखपाल, सहायक पुरालेखपाल, शोध अध्येता, शोध अधिकारी और रसायनज्ञ प्रतियोगी परीक्षा-2024

• कब ... 3 से 5 तक • क्या ... कुल 8 पदों की प्रतियोगी परीक्षाएं

सहायक आचार्य संस्कृत विभाग प्रतियोगी परीक्षा 2024 के आवेदन में संशोधन

• कब ... 1 अगस्त से 10 अगस्त तक

• क्या ... नाम जन्म तारीख, पिता का नाम आदि संशोधन करवा सकेंगे

### एमडीएसयू

फार्मेसी विभाग में काउंसलिंग

• कब ... 2 को • क्या ... डी फार्मा, बी फार्मा की 60-60 सीटों पर प्रवेश के लिए होगी।

### स्कूल

5 अगस्त को शिक्षा सप्ताह का समापन • क्या ... स्टूडेंट्स की रैली, भामाशाहों का सम्मान।

7 को अमृत पर्यावरण महोत्सव • क्या ... सरकारी स्कूलों में सुबह 8 बजे से एक पेड़ मां के नाम लगाएंगे।

### कॉलेज शिक्षा

यूजी सेमेस्टर में प्रवेश की पहली लिस्ट का प्रकाशन • कब ... 8 को

• क्या ... 6 तक दस्तावेज वेरिफिकेशन के बाद पहली लिस्ट आएगी

### जिला परिषद

पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण

• कब ... 1 से 7 अगस्त तक

• क्या ... 11 पंचायत समितियों की 19 ग्राम पंचायतों में

### एडीए

भूखंडों की ऑनलाइन नीलामी

• कब ... 7 को

• क्या ... विभिन्न योजनाओं में 150 भूखंडों की ऑनलाइन नीलामी शुरू करेगा।

स्मारकों और उद्यानों की सुरक्षा व रखरखाव के टेंडर खोले जाएंगे

• कब ... 6 को • कहां ... एडीए

### अदालत

अजमेर ब्लैकमेल कांड में फैसला

• कब ... 8 को • क्या ... अश्लील छायाचित्र ब्लैकमेल कांड में पेंडिंग आरोपियों पर फैसला 8 अगस्त को आएगा। वर्ष 1992 में अश्लील छायाचित्र ब्लैकमेल कांड में 6 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। प्रकरण में 18 आरोपी थे। पूर्व में 9 आरोपियों को उम्र कैद की सजा हो चुकी है, जबकि एक आरोपी आत्महत्या कर चुका है। 6 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण विचाराधीन है। एक आरोपी अलमास महाराज फरार है।

### पौधरोपण

पौधारोपण अभियान की शुरुआत।

• कब ... 8 को • क्या ... एडीए 42 हजार से अधिक पौधे लगाएगा। कहां ...अजमेर उत्तर, दक्षिण और पुष्कर में पौधे लगाए जाएंगे।

### जेएलएन अस्पताल

हेल्प लाइन काउंटर शुरू। • कब ... 3 से जांच रिपोर्ट ऑनलाइन मिलेगी ओपीडी व आईपीडी के मरीजों की जांच रिपोर्ट मोबाइल पर ऑनलाइन आएगी।

विश्व ऑर्गन डे • कब ... 13 को क्या... जेएलएन मेडिकल कॉलेज के न्यू सेमिनार हॉल में, ऑर्गन डोनेशन को लेकर सामूहिक शपथ ग्रहण।

### स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम



कहां... जवाहर रंगमंच • कब ... 14 को

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह कहां... पुलिस लाइन मैदान • कब ... 15 को

ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई होगी। • कहां... उपखण्ड स्तरीय, व जिला स्तरीय कब ... 16 की सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट में

### खेलकूद प्रतियोगिता: जिला स्तरीय कई कार्यक्रम

• 20 से 24 तक जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताएं। प्रथम समूह आयु वर्ग 14, 17 व 19 वर्ष, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं होंगी। 5 दिन तक चलेंगे आयोजन

• 21 से 23 तक सभी कक्षाओं की प्रथम परख। स्कूली स्तर पर कार्यक्रम तैयार होगा। एक दिन में एक से अधिक विषयों के टेस्ट किए जा सकते हैं।

ये कैलेंडर क्यूआर कोड को स्कैन करके भी आप अपने मोबाइल पर पा सकते हैं।

दैनिक भास्कर

# जोधपुर फ्रंट पेज

सूर्यास्त (गुरुवार) 07:25 बजे | सूर्योदय (शुक्रवार) 06:04 बजे

दैनिक भास्कर जोधपुर, गुरुवार 1 अगस्त, 2024

**सिटी कैलेंडर अगस्त 2024**

## 3 से 13 तक भास्कर 'मारवाड़ रो उत्सव', स्कूलों में 5 को स्वर्ण मुकुट मस्तक दिवस

**जोधपुर |** अगस्त में कई महत्वपूर्ण दिवस व त्योहार मनाए जाएंगे। शहर में भास्कर की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मारवाड़ रो उत्सव में मिर्चीबड़ा महोत्सव, फायर क्रेकर्स शो, कवि सम्मेलन सहित अनेक आयोजन होंगे। दोनों नगर निगम तीज महोत्सव मनाएंगे। जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने के दिन 5 अगस्त को सरकारी स्कूलों में स्वर्ण मुकुट मस्तक दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 7 अगस्त को अमृत पर्यावरण महोत्सव में पौधरोपण अभियान चलेगा। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की धूम रहेगी।

### मारवाड़ रो उत्सव में होंगे कई आयोजन

**मिर्चीबड़ा महोत्सव**

- कब... 3 अगस्त, सुबह 7 बजे
- कहां- अशोक उद्यान, पाल रोड
- क्या खास- शहरवासी निशुल्क मिर्चीबड़े के स्वाद के साथ सेल्फी पॉइंट का आनंद भी ले सकेंगे।

दैनिक भास्कर मिर्चीबड़ा महोत्सव 2024

**फायर क्रेकर्स शो**

- कब- 7 अगस्त, शाम 7 बजे
- कहां- गणेश मंदिर रातानाडा
- क्या खास- आकर्षक आतिशबाजी से समूचा शहर रोशन होगा।

**कवि सम्मेलन**

- कब- 10 अगस्त, शाम 7 बजे
- कहां- अमृतम पैलेस
- क्या खास- नामी कवियों से होंगे रूबरू।

**रियल एस्टेट एक्सपो**

- कब- 10 व 11 अगस्त, सुबह 10 बजे से
- कहां- होटल श्रीराम इंटरनेशनल
- क्या खास- अपने सपनों का आशियाना बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

**रन फॉर ग्रीन**

- कब- 11 अगस्त, सुबह 6 बजे
- कहां- एमबीएम यूनिवर्सिटी
- क्या खास- बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

### सिटी गेस्ट- एंटरप्रेन्योअर अवध ओझा आएंगे



- क्या: मोटिवेशनल टॉक शो • कब: 7 अगस्त को शाम 5 बजे से • कहां: जीत कॉलेज ऑडिटोरियम
- क्या खास- एंटरप्रेन्योअर, मोटिवेशनल स्पीकर, शिक्षक अवध ओझा यहां जोधपुर की जनता से रूबरू होंगे।

### 70 हजार सरकारी स्कूलों में पौधरोपण

- कब- 5 अगस्त
- कहां- सभी सरकारी स्कूलों में
- क्या खास- धारा 370 हटाने के दिवस को स्वर्ण मुकुट मस्तक दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

- कब- 7 अगस्त
- कहां- सभी सरकारी स्कूलों में
- क्या खास- अमृत पर्यावरण महोत्सव के तहत सबसे बड़ा पौधरोपण अभियान का आयोजन किया जाएगा।

**नगर निगम दक्षिण का सावन महोत्सव**

- कब- 6 अगस्त, दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक, • कहां- नेहरू पार्क में
- क्या खास- विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ खान-पान की स्टॉल्स लगेगी।

### भर्ती परीक्षा



- कब- 11 अगस्त, • कहां- कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा तय परीक्षा केंद्रों पर
- क्या खास- लिपिक ग्रेड सेकंड-कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा का आयोजन होगा। इस दिन दो पारियों में यह परीक्षा होगी। यह परीक्षा 4197 पदों के लिए होगी। इसमें 76681 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

**स्वतंत्रता दिवस समारोह**

- कब- 15 अगस्त, • कहां- उम्मेद राजकीय स्टेडियम में
- क्या खास- राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मार्च पास्ट के साथ अनेक रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी।

**रक्षासूत्र बंधन दिवस**

- कब- 17 अगस्त, • कहां- सभी सरकारी स्कूल, ऑफिस में
- क्या खास- प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली बार रक्षासूत्र बंधन दिवस मनाया जाएगा। विद्यार्थी एक- दूसरे के रक्षासूत्र बांधेंगे।

### सिटी स्पोर्ट्स एक्टिविटी

**जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता**

- कब- 20 व 24 अगस्त, (प्रथम समूह) छात्र व छात्रा वर्ग। अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग की।



कब- 27 व 31 अगस्त, (द्वितीय समूह) छात्र व छात्रा वर्ग। अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग की।

कब- जिला स्तरीय सीनियर वर्ग वुशु प्रतियोगिता तीसरे सप्ताह में

यह कैलेंडर आप क्यूआर कोड को स्कैन करके भी मोबाइल पर ले सकते हैं।

दैनिक भास्कर

गुरुवार, 01 अगस्त, 2024


**सिटी कैलेंडर अगस्त 2024**

# 11 अगस्त को लिपिक ग्रेड-2 भर्ती परीक्षा और डिग्गी पदयात्रा, 10 को जयति आएंगी

अगस्त माह में कई महत्वपूर्ण दिवस और त्योहार मनाए जाएंगे। ग्रेटर निगम तीज महोत्सव मनाएगा। वहीं जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाने के दिन 5 अगस्त को सरकारी स्कूलों में स्वर्ण मुकुट मस्तक दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 7 अगस्त को अमृत पर्यावरण महोत्सव के अंतर्गत जयपुर सहित पूरे प्रदेश में पौधरोपण अभियान चलेगा। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह की धूम रहेगी। कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 11 अगस्त को लिपिक ग्रेड सेकंड-कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा का आयोजन होगा।

## आर्ट, कल्चर और नाटक

### सावन शृंगार उत्सव

- कब... 1 और 2 अगस्त
- कहां- जवाहर कला केंद्र
- क्या खास- गायन प्रस्तुति के साथ 'प्रेमचंद का साहित्य और उसकी प्रासंगिकता' विषय पर संवाद प्रवाह होगा।

### कन्वर्जेंस एन एग्जीबिशन

- कब- 2 और 3 अगस्त
- कहां- महावीर स्कूल, सी-स्कीम
- क्या खास- स्टूडेंट्स अपने अलग-अलग विषयों में बनाए मॉडल्स को प्रजेंट करेंगे।

### हिस्ट्री ऑफ इंडियन परफ्यूम

- कब- 9 अगस्त
- कहां- ह्यात रेजेंसी, मानसरोवर

### श्री डिग्गी कल्याण जी लक्खी पदयात्रा

- कब- 11 अगस्त से
- कहां- ताड़केश्वर जी, चौड़ा रास्ता
- क्या खास- जयपुर के ताड़केश्वर जी के मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुरू होगी, जो टोंक स्थिति डिग्गी कल्याण जी मंदिर जाएगी।

### हास्य नाटक 'पर्दा उठने से पहले' का मंचन

- कब- 3 अगस्त, • कहां- रवींद्र मंच
- क्या खास- नाटक का लेखन राजेंद्र कुमार शर्मा और निर्देशन हिमांशु झांकल करेंगे।

### शिमर राखी एंड लाइफस्टाइल एग्जीबिशन

- कब- 2 और 3 अगस्त • कहां- केसरी बाग बैंक्वेट, वैशाली • क्या खास- राखी, गिफ्ट हैम्पर्स होंगे। पहले दिन यंग डिजाइनर्स वॉक करेंगी।

## सिटी गेस्ट- जयति भाटिया, संदीप व सुहासी आएंगी



10 अगस्त को एक रिसोर्ट में लहरिया फेस्टिवल में टीवी फेम जयति भाटिया शामिल होंगी। वहीं चित्रांगदा के मंचन के लिए 3 अगस्त को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में डांसर - कोरियोग्राफर संदीप सोपारकर, सुहासी धामी अभिनय करेंगे।

## 70 हजार सरकारी स्कूलों में पौधरोपण

- कब- 5 अगस्त
- कहां- सभी सरकारी स्कूलों में
- क्या खास- धारा 370 हटाने के दिवस को स्वर्ण मुकुट मस्तक दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

- कब- 7 अगस्त
- कहां- सभी सरकारी स्कूलों में
- क्या खास- अमृत पर्यावरण महोत्सव के तहत सबसे बड़ा पौधरोपण अभियान का आयोजन किया जाएगा।

## भर्ती परीक्षा



- कब- 11 अगस्त, • कहां- कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा तय परीक्षा केंद्रों पर
- क्या खास- लिपिक ग्रेड सेकंड-कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा का आयोजन होगा। इस दिन दो पारियों में यह परीक्षा होगी। यह परीक्षा 4197 पदों के लिए होगी। इसमें 76681 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह

- कब- 15 अगस्त, • कहां- एसएमएस स्टेडियम
- क्या खास- राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन। इसमें मुख्यमंत्री सहित कई नेता पहुंचेंगे।

### रक्षासूत्र बंधन दिवस

- कब- 17 अगस्त, • कहां- सभी सरकारी स्कूल, ऑफिस में
- क्या खास- प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली बार रक्षासूत्र बंधन दिवस मनाया जाएगा। विद्यार्थी एक- दूसरे के रक्षासूत्र बांधेंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स एक्टिविटी

### अंडर-16 खिलाड़ियों के क्रिकेट मैच की ट्रायल, 500 से ज्यादा खिलाड़ी पहुंचेंगे



- कब- 1 व 2 अगस्त, • कहां- केएल सैनी स्टेडियम
- क्या खास- अंडर-16 खिलाड़ियों के क्रिकेट मैच की ट्रायल होगी। इसके लिए आठ टीमों के मैच होंगे। यहां पर करीब 500 से ज्यादा खिलाड़ी ट्रायल के लिए पहुंचेंगे। प्रत्येक खिलाड़ी को दो मैच खेलने का मौका मिलेगा।

यह कैलेंडर आप क्यूआर कोड को स्कैन करके भी मोबाइल पर ले सकते हैं।

# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

( वर्तमान में राज्य का नेक A ग्रेड प्राप्त एकमात्र राजकीय विश्वविद्यालय )

ऑनलाइन आवेदन करने हेतु यहां स्कैन करें।

## प्रवेश प्रारम्भ



राजस्थान संवाद

### स्नातकोत्तर कार्यक्रम (PG)

1. एम. ए. अर्थशास्त्र
2. एम.ए. राजनीति विज्ञान
3. एम.ए. पुलिस प्रशासन
4. एम.ए. हिन्दी
5. एम.ए. इतिहास
6. एम. ए. मनोविज्ञान
7. एम.ए. अंग्रेजी
8. एम. ए. संस्कृत
9. एम.ए.राजस्थानी
10. एम.एससी. गणित
11. मास्टर ऑफ कॉमर्स
12. एम. ए. शिक्षा
13. एम. ए. समाजशास्त्र
14. एम. ए. भूगोल
15. कम्प्यूटर विज्ञान (M.Sc.CS)
16. MBA (AICTE Approved)

### स्नातक कार्यक्रम (UG)

1. कला में स्नातक कार्यक्रम
2. विज्ञान में स्नातक कार्यक्रम
3. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक
4. पत्रकारिता में स्नातक

### डिप्लोमा कार्यक्रम

1. संस्कृति एवं पर्यटन में डिप्लोमा
2. जल ग्रहण प्रबंध में डिप्लोमा
3. मास कम्यूनिकेशन
4. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान
5. योग विज्ञान में डिप्लोमा

### ऑनलाइन डिप्लोमा कार्यक्रम

1. कम्प्यूटर अनुप्रयोग में डिप्लोमा (ऑनलाइन)
2. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में डिप्लोमा (ऑनलाइन)

### प्रमाण पत्र कार्यक्रम

1. फलित ज्योतिष में प्रमाण पत्र
2. महात्मा गांधी नरेगा मेट प्रमाण पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| एक साथ दो डिग्रियाँ (U.G. / P.G.) संभव | राज्य में केवल खुला विश्वविद्यालय में ही महिलाओं के लिए निःशुल्क शिक्षा (राजस्थान सरकार द्वारा पुनर्भरण) | SC एवं ST विद्यार्थियों को राजस्थान सरकार द्वारा फीस पुनर्भरण | राजस्थान के सभी जिलों में अध्ययन केन्द्र और परीक्षा केन्द्र |

**प्रवेश एवं विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.vmou.ac.in देखें।**

**नवीन एवं प्रमोटी प्रवेश की अंतिम तिथिः- 31 अगस्त 2024**

# युवा-शिक्षा-अवसर



आरपीएससी • 3 से 5 अगस्त तक होने वाली 5 श्रेणियों के पदों पर होनी है परीक्षा, अपात्र अभ्यर्थी भी कर देते हैं आवेदन परीक्षा देने कम पहुंचते हैं

## आठ पदों के लिए 7041 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, एक पद के लिए 880 उम्मीदवारों ने किया आवेदन

जयपुर/बीकानेर। आरपीएससी ने पुरालेखपाल, सहायक पुरालेखपाल, शोध अध्येता, शोध अधिकारी और रसायनज्ञ प्रतियोगी परीक्षा-2024 के लिए कुल अभ्यर्थियों और सेंटरों की जानकारी सार्वजनिक की है। इन परीक्षाओं में कुल 7041 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जबकि इन पांचों श्रेणियों में कुल पदों की तादाद महज 8 ही है। यानी औसतन 1 पद पर 880 अभ्यर्थी बतौर दावेदार रजिस्टर्ड हुए हैं। आरपीएससी की परेशानी यह है कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में कई अभ्यर्थी ऐसे भी शामिल हो जाते हैं जो संबंधित पद के लिए तय मापदंड पूरे ही नहीं करते। आरपीएससी रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों के आधार पर परीक्षा की व्यवस्था करता है लेकिन परीक्षा वाले दिन अभ्यर्थियों की तादाद कम रहती है। 3 से 5 अगस्त तक यह परीक्षा कराई जानी है। यह परीक्षा अजमेर में ही अलग अलग सेंटरों पर दो शिफ्ट में होगी।

### कुल पदों पर आवेदनों की स्थिति

| परीक्षा | पद | कुल अभ्यर्थी | आवेदन |
|---|---|---|---|
| पुरालेखपाल परीक्षा | 3 | 1706 | 558.66 |
| सहा. पुरालेखपाल | 2 | 1784 | 892 |
| शोध अध्येता | 1 | 944 | 944 |
| शोध अधिकारी | 1 | 1427 | 1427 |
| रसायनज्ञ | 1 | 1180 | 1180 |
| औसत कुल पद | 8 | 7041 | 880.125 |

### परेशानी - छात्रों की सही संख्या पता नहीं चल पाती

आवेदन प्रक्रिया निशुल्क होने से अभ्यर्थी मापदंड पूरे हों या न हों, आवेदन कर देते हैं। रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों की संख्या के हिसाब से सेंटर तय करने होते हैं, प्रश्न पत्र बनवाने होते हैं। साथ ही अन्य व्यवस्थाएं भी काफी खर्च करके की जाती हैं। आवेदन में संशोधन के साथ विड्रॉ करने का भी ऑप्शन दिया है। लेकिन इसका उपयोग भी अभ्यर्थी ज्यादा नहीं करते हैं। इससे सही संख्या परीक्षार्थियों की परीक्षा शुरू होने के बाद ही पता चलती है।

प्री-डीएलएड • रजिस्ट्रेशन और ऑनलाइन विकल्प की प्रक्रिया पूरी, कॉलेज आवंटन 4 अगस्त को

## 377 डीएलएड कॉलेजों में 25970 सीटें, 1.45 लाख दावेदार, पिछले साल से 25 हजार रजिस्ट्रेशन अधिक

एजुकेशन रिपोर्टर | बीकानेर

राज्य के डीएलएड कॉलेज में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन और ऑनलाइन विकल्प की प्रक्रिया 30 जुलाई को पूरी हो चुकी है। प्रारंभिक शिक्षा में लेवल वन का अध्यापक बनने के लिए जरूरी दो वर्षीय अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम (डीएलएड) के प्रदेश में संचालित 377 कॉलेजों की 25970 सीटों पर दाखिले के लिए प्री-डीएलएड परीक्षा में शामिल हुए 1.45 लाख अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। रजिस्ट्रेशन करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या पिछले साल से 25 हजार अधिक है। पिछले साल 1.20 लाख रजिस्ट्रेशन हुए थे। प्रवेश के लिए औसत एक सीट पर 5 से अधिक दावेदारों के बीच प्रतिस्पर्धा रहेगी। नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा में डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश का शेड्यूल घोषित कर दिया है। रजिस्ट्रेशन करवाने वाले इन अभ्यर्थियों को प्री-डीएलएड परीक्षा की मेरिट और ऑनलाइन विकल्प के आधार पर 4 अगस्त को डीएलएड कॉलेजों में सीटों का आवंटन होगा। नोडल एजेंसी ने काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रथम चरण के अलॉटमेंट की तैयारी पूरी कर ली है। विदित रहे कि 30 जून को हुई प्री-डीएलएड परीक्षा में इस साल राज्य स्तर पर 5.96 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। जिसमें से प्रवेश के लिए 1.45 लाख ने 3 हजार रुपए शुल्क देकर रजिस्ट्रेशन करवाया है।


बेसिक पी.जी. कॉलेज
बीकानेर संभाग में सबसे ज्यादा प्रथम श्रेणी देने वाला महाविद्यालय
600+ छात्र
Bachelor's Degree with Basic PG College
B.A., B.Com., B.Sc., M.Sc., M.Com
ADMISSION OPEN
Naya Shahar, Bikaner
Contact:-9261415660, 9461473274


### यूं समझें - कॉलेज अलॉटमेंट के बाद 5 से 12 के बीच करें रिपोर्टिंग

1. प्रथम चरण के अलॉटमेंट के बाद चयनित अभ्यर्थियों को 11 अगस्त तक 13555 रुपए ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा।
2. आवंटित कॉलेज में अभ्यर्थियों को 5 से 12 अगस्त के बीच रिपोर्टिंग करनी होगी।
3. कॉलेज की ओर से प्रवेशित विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन 12 अगस्त तक होगा।
4. कॉलेज की ओर से वेरिफिकेशन होने के बाद अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं के लोगिन से प्रोविजनल प्रवेश स्लिप 13 अगस्त तक प्राप्त करना।

### 22 अगस्त से शुरू होगा नया सेशन

डीएलएड कॉलेजों में दो वर्षीय पाठ्यक्रम का नया सेशन 22 अगस्त से शुरू होगा। हालांकि पिछले साल प्री- परीक्षा में विलंब होने से सेशन भी प्रभावित हुआ। लेकिन इस साल कॉलेज आवंटन की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही नया सेशन शुरू कर दिया जाएगा। नोडल एजेंसी की ओर से जारी शिड्यूल के मुताबिक अपवर्ड मूवमेंट के आवेदन 14 अगस्त से शुरू किए जाएंगे। अभ्यर्थी 16 अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे। अपवर्ड मूवमेंट का परीक्षा 19 अगस्त को घोषित होगा।

*■ डीएलएड कॉलेजों में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन और ऑनलाइन विकल्प की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्रथम चरण का अलॉटमेंट 4 अगस्त को किया जाएगा। अभ्यर्थियों को 11 अगस्त तक ई-मित्र के जरिये शुल्क जमा करवाना होगा और 12 अगस्त तक रिपोर्टिंग करनी होगी।*
*-डॉ. रवि गुप्ता, समन्वयक, प्री-डीएलएड परीक्षा*

## बीटीयू : बीटेक की तीन परीक्षाओं के परिणाम जारी

बीकानेर| बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय ने बुधवार को तीन परीक्षाओं के परिणाम परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश जोशी द्वारा घोषित किए गए। उप कुलसचिव परीक्षा जय भास्कर ने बताया कि बीटेक चतुर्थ सेमेस्टर (मैन/बैक) रीवेल परीक्षा जून-2023, बीटेक छठा सेमेस्टर (मैन/बैक) रीवेल परीक्षा जून-2023, एम.टेक. चतुर्थ सेमेस्टर (मैन/बैक) परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मंशानुरूप विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा प्रणाली की सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश में बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में डिजिटल मूल्यांकन व्यवस्था को लागू किया गया है। घोषित परिणाम की विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

## एलएलबी एंट्रेंस टेस्ट के एडमिट कार्ड जारी, एग्जाम 4 अगस्त को

बीकानेर | जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विधि संकाय के एलएलबी एंट्रेस टेस्ट का आयोजन 4 अगस्त को किया जाएगा। टेस्ट के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। विधि संकाय अधिष्ठाता प्रो. सुनील आसोपा ने बताया कि सत्र 2024-2025 में विधि संकाय के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए एंट्रेस टेस्ट के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा केन्द्र विधि संकाय, पुराना परिसर एवं कमला नेहरू महिला महाविद्यालय रहेगा। परीक्षा सुबह 11 बजे से 1 बजे तक होगी।

## 9वीं से 12वीं तक प्रवेश अब 15 अगस्त तक

बीकानेर| शिक्षा विभाग ने स्कूलों में 9वीं से 12वीं कक्षा तक प्रवेश की तिथि दूसरी बार बढ़ाई है। अब 15 अगस्त प्रवेश हो सकेंगे। नामांकन बढ़ोतरी, अनामांकित एवं ड्रापआउट बच्चों को स्कूलों से जोड़ने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी की गई है। पहली से आठवीं कक्षा तक सत्र पर्यंत प्रवेश जारी रहेंगे।

## खेलकूद और पहले टेस्ट की तिथियों में टकराव

बीकानेर| शिक्षा विभाग ने नए शिक्षा सत्र 2024 - 25 का शिविरा पंचांग जारी कर दिया है। शिविरा पंचांग में खेलकूद प्रतियोगिता एवं फर्स्ट टेस्ट का आयोजन समानांतर तिथियों में किए जाने से विद्यार्थी दुविधा में हैं। विद्यार्थियों के सामने असमंजस की स्थिति खड़ी हो गई है कि खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल हो या फिर फर्स्ट टेस्ट दें। प्रथम समूह की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 20 अगस्त से 24 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। वहीं स्कूल स्तर पर प्रथम परख की परीक्षाएं 21 से 23 अगस्त को आयोजित की जानी है। खेलकूद प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के साथ-साथ शारीरिक शिक्षक और शिक्षकों की भी ड्यूटी लगेगी। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक को ज्ञापन देकर तिथियों में संशोधन की मांग की है।

## BA-LLB, BBA-LLB : परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि आज

बीकानेर। डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विवि की ओर से सत्र 2023-24 के बीए-एलएलबी, बीबीए-एलएलबी के दूसरे, चौथे और छठवें सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन सामान्य फीस के साथ गुरुवार तक कर सकते है। लेट फीस 500 रुपए के साथ ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 2 से 6 अगस्त रखी है। परीक्षा के लिए आवेदन सिर्फ ऑनलाइन ही कर सकते हैं।

## शिक्षक भर्ती - 2022 के 126 चयनित सेकंड ग्रेड शिक्षकों को मंडल आवंटित

बीकानेर| वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा - 2022 में संस्कृत विषय के वेटिंग सूची से चयनित 126 अभ्यर्थियों को पोस्टिंग के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने मंडल आवंटन किए हैं। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग संभाग स्तर पर की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने संबंधित संभाग के संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा को इस संबंध में निर्देश भी दे दिए हैं। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 5 अगस्त को होगी।

# युवा-शिक्षा-अवसर



आरपीएससी • 3 से 5 अगस्त तक अजमेर में 5 श्रेणियों के पदों की भर्ती परीक्षा, 26 केंद्र बनाए, रसायनज्ञ के 1 पद पर 1180 अभ्यर्थियों में कड़ा मुकाबला

## मात्र 8 पदों के लिए जुटेंगे 7041 अभ्यर्थी, एक पद के लिए 880 उम्मीदवार

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

आरपीएससी ने पुरालेखपाल, सहायक पुरालेखपाल, शोध अध्येता, शोध अधिकारी और रसायनज्ञ प्रतियोगी परीक्षा-2024 के लिए कुल अभ्यर्थियों और सेंटरों की जानकारी सार्वजनिक की है। इन परीक्षाओं में कुल 7041 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जबकि इन पांचों श्रेणियों में कुल पदों की तादाद महज 8 ही है। यानी औसतन 1 पद पर 880 अभ्यर्थी बतौर दावेदार रजिस्टर्ड हुए हैं। परीक्षावार एक पद पर आकलन करें तो रसायनज्ञ के लिए सबसे ज्यादा 1180 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड हुए हैं। दूसरी ओर आरपीएससी का दर्द यह है कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में कई अभ्यर्थी ऐसे भी शामिल हो जाते हैं जो संबंधित पद के पात्र नहीं हैं। आरपीएससी रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों के आधार पर परीक्षा व्यवस्था करता है, परीक्षा वाले दिन अभ्यर्थियों की संख्या कम रहती है। परीक्षा 3 से 5 अगस्त तक अजमेर में ही अलग-अलग सेंटरों पर दो शिफ्ट में होगी। पुरा लेखपाल प्रतियोगी परीक्षा 2024 में 3 पदों के लिए परीक्षा 3 अगस्त को सुबह 10 से 12:30 बजे तक होगी। सहायक पुरा लेखपाल प्रतियोगी परीक्षा 2024 दोपहर की शिफ्ट में 3 बजे से शाम 5:30 बजे होगी। शोध अध्येता प्रतियोगी परीक्षा 2024 चार अगस्त को सुबह 10 से 12:30 बजे तक, शोध अधिकारी परीक्षा दोपहर 3 से शाम 5:30 बजे तक, रसायनज्ञ की परीक्षा 5 अगस्त को सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक होगी। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षाओं के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### किस पद पर कितने आवेदन

| परीक्षा | पद | अभ्यर्थी | प्रति पद आवेदन |
|---|---|---|---|
| पुरा लेखपाल परीक्षा | 03 | 1706 | 558.66 |
| सहा. पुरा लेखपाल | 02 | 1784 | 892 |
| शोध अध्येता | 01 | 944 | 944 |
| शोध अधिकारी | 01 | 1427 | 1427 |
| रसायनज्ञ | 01 | 1180 | 1180 |
| औसत कुल पद | 08 | 7041 | 880.125 |

### किस परीक्षा के लिए कितने सेंटर

» 3 अगस्त, पुरा लेखपाल के 3 पदों के लिए 7, सहायक पुरा लेखपाल के 2 पदों के लिए 8 केंद्र

» 4 अगस्त शोध अध्येता के 1 पद के लिए 4, शोध अधिकारी के 1 पद के लिए 6 परीक्षा केंद्र

» 5 अगस्त रसायनज्ञ के 1 पद के लिए 5 केंद्र

**नॉन सीरियस से आयोग दुखी:** आयोग के अधिकारियों के मुताबिक आवेदन प्रक्रिया निशुल्क होने से अभ्यर्थी तैयारी हो या न हो, मापदंड पूरे हो या न हो, आवेदन कर देते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों की तादाद अच्छी खासी होती है। इससे रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों की संख्या के हिसाब से सेंटर, प्रश्न पत्र, स्टाफ आदि की व्यवस्था की जाती है। आवेदन विड्रॉ का विकल्प होते हुए भी इसका उपयोग ज्यादा नहीं करते हैं।

जिओ इनोवेशन चैलेंज • 502 आइडिया में से 26 चयनित, इन पर हो रही चर्चा

## महिलाओं की सुरक्षा, हैल्थ इश्यू, ब्रेस्ट कैंसर पर अच्छे आइडिया, इन पर देशभर में काम

सिटी रिपोर्टर | अजमेर

राष्ट्रीय भू-स्थानिक कार्यक्रम व विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा महिलाओं की समस्याओं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए देश भर के युवा वैज्ञानिकों सुझाव मांगे गए थे। 502 प्रस्तावों में से 26 युवाओं के इनोवेटिव आइडिया को एक प्लेटफार्म पर साझा करने के लिए चुना गया था। इन आइडियाज को प्रस्तुत करने के लिए मेजबानी अजमेर के सोफिया गर्ल्स कॉलेज को मिली थी। इस कार्यक्रम में देश भर के साइंटिस्ट भी शामिल हुए थे। इन्हीं में शामिल डिपार्टमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी नई दिल्ली की साइंटिस्ट डॉ. नम्रता पाठक, हैदराबाद से आए साइंटिस्ट प्रोफेसर वीबीएन कृष्णामूर्ति, विभासचंद्र झा और सुदेश नांगिया से भास्कर ने इस प्रोग्राम और इसके मकसद पर चर्चा की।

### 26 इनोवेटिव आइडियाज का चयन



नम्रता पाठक।

डॉ. नम्रता पाठक के मुताबिक डीएसटी ने देशभर के युवाओं से इनोवेटिव आइडियाज मांगे थे। जिसमें उन्हें जिओ स्पेशनल टेक्नोलॉजी के जरिये इन समस्याओं का पता लगाने और इसके समाधान टेक्नोलॉजी से खोजने के लिए कहा गया था। इसके लिए कुल 502 प्रस्ताव मिले थे। इनमें से 26 का चयन किया गया था। इन चुने हुए प्रस्तावों को इनोवेशन चैलेंज के नाम से अजमेर में तीन दिन तक प्रस्तुत किया गया। जिओ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के जरिये महिलाओं के विभिन्न इश्यू को उठाकर इनके इनोवेटिव समाधानों को देश भर में लागू करने के लिए यह आयोजन किया गया था। जो आइडियाज यहां पेश किए गए हैं उनमें बंगाल के प्रतिभागी ने मछलियां पकड़ने वाली महिलाओं की समस्याओं को दूर कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सुझाव दिया गया। किसी ने हैल्थ इश्यू के तहत ब्रेस्ट कैंसर सहित अन्य बीमारियों से बचाव और समाधान को लेकर आइडियाज दिए गए हैं।

### महिलाएं रात में जहां से निकलें वहां स्वतः रोशनी बढ़े...आइडिया मांगे



वीबीएन कृष्णामूर्ति

इसरो के रिटायर साइंटिस प्रोफेसर वीबीएन कृष्णामूर्ति कहते हैं कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए बसों में जीपीएस, सिस्टम हो ऐसे रास्ते बने जिसमें लड़कियां अगर देर रात को निकल रही है तो वहां ऑटोमैटिक रोशनी बढ़ जाए, ऐसे यंत्र हों जिससे वह तत्काल मदद मांग सकें, अपनी लोकेशन या सूचना अपने परिचितों, पुलिस या अन्य लोगों को दे सकें। आइडियाज देने वालों को ट्रेनिंग देकर उनके आइडियाज को अमल में लाने के रास्ते बताए जाएंगे। फंड भी दिया जाता है।

### कई अच्छे शोध, सार्थक रहेंगे



सुदेश नांगिया

जेएनयू दिल्ली की पूर्व प्रोफेसर सुदेश नांगिया कहती हैं कि युवाओं ने ऐसी समस्या और समाधान तलाशे हैं जिन्हें जिओ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा सके। यह काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन युवाओं ने कर दिखाया। एमपी, गोवा, आसाम, उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों के शिक्षकों, शोधकर्ताओं ने इस पर काम किया है। यह सार्थक साबित होंगे।

### कई आइडियाज ने चौंका दिया है



विभासचंद्र झा

प्रोफेसर विभास चंद्र झा का कहना था कि भारत ने विकसित भारत 2047 में आत्मनिर्भर कैसे होगा। इससे यूथ का रोल खास कर महिलाओं का रोल कैसे बढ़ाया जाए। तकनीक से यूथ और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए इनोवेटिव आईडियाज ने चौंकाया है। इनमें से श्रेष्ठ आइडिया को एनईपी में भी शामिल किया जाएगा। क्योंकि एनईपी 2020 में पहले से ही इनोवेशन के लिए जगह रखी गई है। इनके आधार पर सरकार प्रोग्राम बनाएगी और देशभर में लागू करेगी।

## यूजी पार्ट I सेमेस्टर II परीक्षा आवेदन 12 तक जमा करेंगे

एमडीएसयू: 16 के बाद 100 रुपए विलंब शुल्क से जमा होंगे

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

एमडीएस यूनिवर्सिटी प्रशासन ने यूजी (बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए, बीपीइंएस) के पार्ट-I के सेमेस्टर -II की परीक्षा के आवेदन के लिए पोर्टल ओपन कर दिया है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो चुकी है। आखिरी तारीख 12 अगस्त है। परीक्षा विभाग ने पोर्टल ओपन करने के साथ ही शेड्यूल भी दोबारा जारी किया है।

परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर सुब्रतो दत्ता के मुताबिक यूजी प्रथम वर्ष के दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा के आवेदन बगैर विलंब शुल्क के 12 अगस्त तक, 13 अगस्त से 16 अगस्त तक 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ जमा करा सकेंगे। परीक्षा शुल्क के बराबर विलंब शुल्क के साथ आवेदन जमा कराने का मौका दिया जाएगा। ऐसे विद्यार्थी 17 अगस्त से 20 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की हार्ड कॉपी दो प्रतियों में कॉलेज/केंद्र/सेंटर में जमा करानी होगी। बगैर विलंब शुल्क के आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को 13 अगस्त तक, 100 रुपए विलंब शुल्क से आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को 17 अगस्त और परीक्षा शुल्क के बराबर विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को 21 अगस्त तक जमा करा सकेंगे।

## एमडीएसयू के मैथ्स व बॉटनी विभाग में 60 सीटों के लिए काउंसलिंग आज

मैथ्स की 20 सीटों पर 33, बॉटनी की 40 सीटों पर 30 आवेदन आए

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

एमडीएस यूनिवर्सिटी परिसर में संचालित मैथ्स और बॉटनी विभाग में प्रवेश के लिए काउंसलिंग गुरुवार को होगी। इन दोनों विभागों में कुल 60 सीटें हैं। इनमें लिए 63 आवेदन आए हैं।

दोनों विभागों के अध्यक्ष प्रो. अरविंद पारीक ने बताया कि मैं सीट से ज्यादा आवेदन मिले हैं। 20 सीटों के एवज में 33 विद्यार्थियों के आवेदन हैं। काउंसलिंग में मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। लेकिन कोई अभ्यर्थी मेरिट में होने के बाद भी नहीं पहुंचा तो उससे कम अंक वाले को प्रवेश दे दिया जाएगा। मैथ्स की 40 सीटों पर महज 30 आवेदन आए हैं। इस विभाग में 10 सीटें खाली रहेंगी। फार्मेसी विभाग की काउंसलिंग शुक्रवार को होगी। तीनों विभागों की काउंसलिंग सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगी।

# युवा-शिक्षा-अवसर

25 फीसदी से कम प्रवेश पर कुछ डिग्री या डिप्लोमा कोर्स में जीरो सेशन की आशंका

## कोटा विश्वविद्यालयः कैंपस में 40 से अधिक डिग्री और डिप्लोमा कोर्स, अंतिम दिन तक मात्र 600 आवेदन आए

### परीक्षाओं के परिणाम में देरी से बढ़ सकती है आवेदन की अंतिम तिथि

एजुकेशन रिपोर्टर | कोटा

कोटा यूनिवर्सिटी कैंपस में 40 से अधिक कोर्स और डिप्लोमा में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक देर शाम तक मात्र 600 आवेदन ही जमा हुए हैं। रिजल्ट के इंतजार में विद्यार्थी इन कोर्स और डिप्लोमा में आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में आवेदन की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी की संभावना है।

हालांकि इस सेशन में बी-फॉर्मेसी में सर्वाधिक आवेदन आए हैं। पिछले साल यहां हैरिटेज, एमएसडब्ल्यू सहित अन्य डिप्लोमा और कोर्स में आवेदन कम आने से जीरो सेशन हुआ था। इस बार भी यदि आवेदन कम आए तो जीरो सेशन हो सकता है। 5 अगस्त को पहली मेरिट और प्रतीक्षा सूची जारी जारी होगी। 6 से 9 अगस्त तक प्रथम सूची और प्रतीक्षा सूची फीस जमा होगी।




**इन विषयों में हैं डिग्री और डिप्लोमा कोर्सः** कोटा यूनिवर्सिटी में बैचलर ऑफ फॉर्मेसी, बीएससी पास कोर्स मैथेमेटिक्स ग्रुप, बीएससी पास कोर्स, बायोलॉजी ग्रुप, इंटीग्रेटेड एमसीए, एमएससी फिजिक्स, एमएससी कैमेस्ट्री, एमए, एमएससी मैथमेटिक्स, एमएससी बॉटनी, जूलॉजी, सोलर एनर्जी, एमसीए, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी वाइल्ड लाइफ, पीजी डिप्लोमा इन रेप्टिलियन साइंस, मास्टर ऑफ सोशल वर्क्स, एमएम, एमएससी ज्योग्राफी, एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमए इकोनॉमिक्स, एमए हिस्ट्री, एमए हैरिटेज, टूरिज्म, म्यूजियोलॉजी एंड ऑर्कियोलॉजी, सर्टिफिकेट इन टूरिज्म गाइड, एमए ड्राइंग एंड पेंटिंग, एमए इंडियन म्यूजिक, एमए हिन्दी, इंग्लिश सहित मास्टर ऑफ कॉमर्स, एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस, एजुकेशन, लॉ सहित अन्य पाठ्यक्रम शामिल है।

### इधर, विद्यार्थियों को परीक्षाओं के रिजल्ट का इंतजार

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष आशीष मीणा ने बताया कि कोटा यूनिवर्सिटी ने बीएससी, बीए, बीकॉम, प्रथम सेमेस्टर और पीजी प्रथम व थर्ड सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाएं हो चुकी हैं। लेकिन विवि ने अभी तक रिजल्ट जारी नहीं किए हैं। अगले सेमेस्टर के एग्जाम फॉर्म भी विवि प्रशासन ने भरवा लिए हैं। विवि को सेमेस्टर का रिजल्ट टाइम से जारी नहीं होने से वे अगली कक्षा की तैयारी में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। यूनिवर्सिटी के सेमेस्टर और यूजी द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम जल्द जारी किया जाए।



*विवि प्रशासन की ओर से रिजल्ट घोषित करने की प्रक्रिया जारी है। कुछ सेमेस्टर की परीक्षाएं होनी है। उसे भी जल्द करवाएंगे।*
– प्रो. प्रवीण भार्गव, परीक्षा नियंत्रक कोटा विवि



*करीब 600 से अधिक आवेदन आए हैं। यूजी स्तर पर जो पाठ्यक्रम हैं। उनके समन्वयक से चर्चा करेंगे। कुछ परिणाम की समीक्षा कर आवेदन तिथि पर निर्णय लेंगे। – डॉ. घनश्याम शर्मा, डीन, पीजी स्टडी, कोटा विवि*

---

NIT-IIIT CSB काउंसलिंग

## 98 कॉलेजों में अब 567 च्वॉइस

एजुकेशन रिपोर्टर | कोटा

जोसा काउंसलिंग के बाद खाली सीटों पर सीएसएबी के दो स्पेशल राउंड काउंसलिंग बुधवार से शुरू हो चुके हैं। यह 14 अगस्त तक जारी रहेगी। रजिस्ट्रेशन और च्वॉइस फिलिंग शुरू हो चुकी है। च्वॉइस फिलिंग की अंतिम तिथि 3 अगस्त शाम 5 बजे तक है।

सीएसएबी वेबसाइट पर जारी खाली सीट मैट्रिक्स के अनुसार एनआईटी-ट्रिपलआईटी सहित 98 कॉलेजों की कुल 13 हजार 466 सीटे खाली है। जिनमें 32 एनआईटी की 5 हजार 118 सीटें हैं। इनमें जेंडर न्यूट्रल पूल से 3 हजार 974 एवं फीमेल पूल से 1148 सीटें, 26 ट्रिपलआईटी की 2 हजार 534 सीटें हैं, जिनमे जेंडर न्यूट्रल पूल से 2 हजार 154, फीमेल पूल से 380 सीटें एवं 35 जीएफटीआई में कुल 5 हजार 814 सीटों में जेंडर न्यूट्रल पूल से 5 हजार 645 एवं फीमेल पूल से 169 सीट शामिल है। खाली रही 13 हजार 466 सीटों में जेंडर न्यूट्रल पूल से 11 हजार 769 एवं फीमेल पूल से 1 हजार 697 सीटें हैं। इस पर सीएसएबी काउंसलिंग करवाई जा रही है। जोसा काउंसलिंग में कुल 13 हजार 466 सीटें ऐसी रही जिन पर या तो कोई आवंटन नहीं हुआ या स्टूडेंट्स ने इन सीटों से विड्रॉल ले लिया है।

### 13,466 सीटों के लिए 540 कॉलेज ब्रांच का विकल्प

कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा के अनुसार सीएसएबी काउंसलिंग में स्टूडेंट्स को एनआईटी-ट्रिपलआईटी सहित 98 संस्थानों की कुल 13,466 सीटें के लिए 540 कॉलेज ब्रांच च्वॉइसेज भरने का विकल्प दिया गया है। इसमें 32 एनआईटी की 299 ब्रांच च्वॉइसेज, 26 ट्रिपलआईटी की 95 ब्रांच च्वॉइसेज एवं 37 जीएफटीआई कि 173 ब्रांच च्वॉइसेज शामिल हैं।

---

स्टेक होल्डर्स 6 अगस्त तक भिजवा सकते हैं सरकार को सुझाव

## द राजस्थान कोचिंग सेंटर विधेयकः छात्रों, अभिभावकों और कोचिंग संचालकों से प्रदेश सरकार ने मांगे सुझाव

एजुकेशन रिपोर्टर | कोटा

द राजस्थान कोचिंग सेंटर (कंट्रोल एंड रेग्युलेशन) विधेयक 2024 को लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने स्टेक होल्डर से सुझाव मांगे हैं। स्टूडेंट्स, अभिभावक, हॉस्टल संचालक, कोचिंग संचालक 6 अगस्त तक सुझाव भिजवा सकते हैं।

विभाग ने पूर्व में तैयार विधेयक को अपडेट कर विधेयक की प्रति जारी की है। विधेयक के प्रारूप को वेबसाइट hte.rajasthan.gov.in पर अपलोड कर दिया है। जिसमें स्टेक हॉल्डसं अपने सुझाव secretaryhte@gmail.com और secretary.hte@rajasthan.gov.in पर भिजवा सकते हैं।

**एक्सपर्टः** डॉ. गोपाल सिंह, एजुकेशन एक्सपर्ट

- सरकार कोचिंग विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम के अनुसार वसूल की जाने वाली शुल्क राशि की एक न्यूनतम और अधिकतम सीमा निश्चित करे ताकि कोई भी संस्थान इससे अधिक राशि नहीं ले सके।
- कोचिंग संस्थानों की मान्यता उनके शैक्षणिक स्तर और अन्य निर्धारित मानदंडों के आधार पर प्रदान की जानी चाहिए। उन्हें शैक्षिक ग्रेडिंग के आधार पर शुल्क वसूलने का अधिकार प्रदान किया जाना चाहिए।
- राज्य स्तरीय नियामक एवं नियंत्रण निकाय में आईआईटी और मेडिकल कॉलेज के जाने-माने प्रोफ़ेसर को नामित किया जाना चाहिए।
- प्रत्येक कक्षा में विद्यार्थियों की अधिकतम संख्या 80 से अधिक नहीं होनी चाहिए ताकि विद्यार्थी और शिक्षक के मध्य सही संवाद और संचार हो सके।

• **16 पेज का है कोचिंग का प्रारूपः** सुझावों में कोचिंग सेंटरों के नियंत्रण और विनियमन, न्यूनतम मानकों और आवश्यकताओं को छात्रों के हितों में रखते हुए केंद्रों का रजिस्ट्रेशन करवाने, उन्हें कैरियर मार्गदर्शन देने, छात्रों को सुरक्षा प्रदान करने और तनाव कम करने के उचित उपाय करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने जैसे बिंदु शामिल हैं।

---

## लॉ कॉलेजः बीसीआई से मान्यता का इंतजार

कोटा | रावतभाटा रोड स्थित गवर्नमेंट लॉ कॉलेज में नए सेशन में जुलाई का महीना खत्म होने के बाद भी शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रथम वर्ष में आवेदन शुरू नहीं हुए हैं।

कॉलेज को बार कौंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता नहीं मिलने से प्रवेश प्रक्रिया में देरी हो रही है जबकि ग्रेजुएशन के रिजल्ट जारी हो चुके हैं। एलएलबी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आवेदन को लेकर विद्यार्थी परेशान हैं। वहीं, दूसरी ओर कॉलेज प्रशासन ने मान्यता को लेकर बीसीआई को रिमाइंडर भिजवाया है। जिसमें बीसीआई से एलएलबी प्रथम वर्ष में शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मान्यता का आग्रह किया गया है। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ.आरके उपाध्याय ने बताया कि बीसीआई को इसका रिमाइंडर भिजवाया गया है।

---

320 सीटों के मुकाबले अभी तक केवल 64 ही आवेदन आए

## संस्कृत कॉलेज में आवेदन करने की अंतिम तिथि अब 16 अगस्त



रावतभाटा रोड स्थित गवर्नमेंट संस्कृत कॉलेज में आवेदन के लिए पहुंचे विद्यार्थी।

कोटा| संस्कृत शिक्षा के कॉलेजों में आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अंतिम तिथि अब 16 अगस्त है। 20 अगस्त को पहली अंतरिम प्रवेश सूची प्रकाशित होगी।

27 अगस्त को अंतरिम प्रवेश सूची के तहत प्रवेशित विद्यार्थियों के शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि और 29 अगस्त को प्रवेशित सूची प्रकाशित होगी। 2 सितंबर को स्थान खाली रहने पर दूसरी वरीयता सूची प्रकाशित होगी। 5 सितंबर को दूसरी वरीयता सूची में प्रवेश शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि है।

**इधर, संस्कृत शिक्षा में प्रवेश की स्थिति गंभीर, 320 सीटों के मुकाबले 64 आवेदनः** संस्कृत शिक्षा में आवेदन को लेकर गंभीर स्थिति बनी है। रावतभाटा रोड स्थित गवर्नमेंट संस्कृत कॉलेज में प्रथम वर्ष में कुल 320 सीटों के मुकाबले 64 ही आवेदन आए हैं। वहीं, दूसरी ओर कॉलेज में यहां अब आवेदन का क्रम बढ़ रहा है। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि हाड़ौती में अब प्रत्येक जिले में कॉलेज होने से संभाग मुख्यालय पर आवेदन करने के लिए विद्यार्थियों की संख्या में कमी है।

दैनिक भास्कर जयपुर 01-08-2024

आज की प्रेरणा

संघर्ष भी उन्हीं को चुनता है, जिनमें लड़ने की क्षमता हो।

# युवा-शिक्षा-अवसर



## Education भास्कर

### करंट अफेयर्स



एक्सपर्ट: आलोक आनंद, कॅरिअर व टेक ब्लॉगर
E-mail: askalokanand@gmail.com

### जीईईएफ ग्लोबल वॉटरटेक पुरस्कार किसने जीता है?

केंद्रीय जल आयोग ने इस साल जीईईएफ ग्लोबल वॉटरटेक पुरस्कार जीता है। केन्द्रीय जल आयोग देश में जल संसाधनों के उचित प्रबंधन के लिए सुझाव देता है। यह पुरस्कार जल क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली कंपनियों और संस्थाओं को दिया जाता है। यह जल संसाधनों के संरक्षण, प्रबंधन और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है।

**Q. सिडबी के सीएमडी के तौर पर किसे नियुक्त किया गया है?**
मनोज मित्तल को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त किया गया है। सिडबी या भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक भारत की एक प्रमुख विकास वित्तीय संस्था है। इसका मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के विकास और वित्तपोषण को बढ़ावा देना है।

**Q. आइडियाज4लाइफ पोर्टल क्या है?**
पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने वाले उत्पादों और सेवाओं से संबंधित विचारों को मंच देने के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने आइडियाज4लाइफ पोर्टल शुरू किया है। इसमें यूनिसेफ भी एक सक्रिय भूमिका निभाएगा।

### एथ्नोम्यूजिकोलॉजी में करिअर

अगर आप संगीत में रुचि रखते हैं तो एथ्नोम्यूजिकोलॉजी एक अच्छा करिअर ऑप्शन हो सकता है। इसमें यह पढ़ाया जाता है कि म्यूजिक के फंक्शन्स किस तरह काम करते हैं। संगीत और कल्चर की समझ रखने वाले छात्र इस फील्ड में करिअर बना सकते हैं। यह क्षेत्र भारत और उससे परे की विविध संगीत परंपराओं के बारे में भी बताता है। इसमें शास्त्रीय और लोक संगीत से लेकर समकालीन और लोकप्रिय शैलियों तक के बारे में पढ़ाया जाता है। इसमें म्यूजिकोलॉजी के अलावा एंथ्रोपोलॉजी, सोशियोलॉजी और कल्चरल स्टडीज की नॉलेज दी जाती है। एथ्नोम्यूजिकोलॉजिस्ट संगीत को संरक्षित करने और दस्तावेजीकरण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये सुनिश्चित करते हैं कि सांस्कृतिक विरासत भविष्य की पीढ़ियों के लिए बनी रहे। एथ्नोम्यूजिकोलॉजी में डिग्री की पढ़ाई कर आपके पास करिअर के कई ऑप्शन्स आ जाते हैं। इनमें रिसर्च, ट्रेनिंग और कल्चरल मैनेजमेंट शामिल हैं।

#### ये कोर्सेज कर सकते हैं

म्यूजिक थ्योरी और उसका इतिहास समझने के लिए एथ्नोम्यूजिकोलॉजी और म्यूजिकोलॉजी में यूजी डिग्री कोर्स कर सकते हैं। इसमें कल्चरल स्टडीज की पढ़ाई कराई जाती है। इसके अलावा आप एंथ्रोपोलॉजी और कल्चरल स्टडीज में भी यूजी डिग्री कोर्स कर सकते हैं। एडवांस्ड स्टडी और रिसर्च के अवसर के लिए आप पीजी कोर्स भी कर सकते हैं। वहीं एथ्नोम्यूजिकोलॉजी में डिप्लोमा कोर्सेज भी उपलब्ध हैं, इसमें इस क्षेत्र की स्पेशलाइज्ड नॉलेज और प्रैक्टिकल स्किल्स सिखाई जाती है।

**सवाल और सुझाव के लिए**
ई-मेल कीजिए YUVA@dbcorp.in

Cut &Keep

---

आरपीएससी • 3 से 5 अगस्त तक होने वाली 5 श्रेणियों के पदों पर होनी है परीक्षा, अपात्र अभ्यर्थी भी कर देते हैं आवेदन परीक्षा देने कम पहुंचते हैं

## आठ पदों के लिए 7041 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, एक पद के लिए 880 उम्मीदवारों ने किया आवेदन

जयपुर। आरपीएससी ने पुरालेखपाल, सहायक पुरालेखपाल, शोध अध्येता, शोध अधिकारी और रसायनज्ञ प्रतियोगी परीक्षा-2024 के लिए कुल अभ्यर्थियों और सेंटरों की जानकारी सार्वजनिक की है। इन परीक्षाओं में कुल 7041 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जबकि इन पांचों श्रेणियों में कुल पदों की तादाद महज 8 ही है। यानी औसतन 1 पद पर 880 अभ्यर्थी बतौर दावेदार रजिस्टर्ड हुए हैं। आरपीएससी की परेशानी यह है कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में कई अभ्यर्थी ऐसे भी शामिल हो जाते हैं जो संबंधित पद के लिए तय मापदंड पूरे ही नहीं करते। आरपीएससी रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों के आधार पर परीक्षा की व्यवस्था करता है लेकिन परीक्षा वाले दिन अभ्यर्थियों की तादाद कम रहती है। 3 से 5 अगस्त तक यह परीक्षा कराई जानी है। यह परीक्षा अजमेर में ही अलग अलग सेंटरों पर दो शिफ्ट में होगी।

### कुल पदों पर आवेदनों की स्थिति

| परीक्षा | पद | कुल अभ्यर्थी | आवेदन |
|---|---|---|---|
| पुरालेखपाल परीक्षा | 3 | 1706 | 558.66 |
| सहा. पुरालेखपाल | 2 | 1784 | 892 |
| शोध अध्येता | 1 | 944 | 944 |
| शोध अधिकारी | 1 | 1427 | 1427 |
| रसायनज्ञ | 1 | 1180 | 1180 |
| औसत कुल पद | 8 | 7041 | 880.125 |

### परेशानी - छात्रों की सही संख्या पता नहीं चल पाती

आवेदन प्रक्रिया निशुल्क होने से अभ्यर्थी मापदंड पूरे हों या न हों, आवेदन कर देते हैं। रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों की संख्या के हिसाब से सेंटर तय करने होते हैं, प्रश्न पत्र बनवाने होते हैं। साथ ही अन्य व्यवस्थाएं भी काफी खर्च करके की जाती हैं। आवेदन में संशोधन के साथ विड्रॉ करने का भी ऑप्शन दिया है। लेकिन इसका उपयोग भी अभ्यर्थी ज्यादा नहीं करते हैं। इससे सही संख्या परीक्षार्थियों की परीक्षा शुरू होने के बाद ही पता चलती है।

---

रियलिटी चेक • दहमीकला में दोनों के भवन बनकर हुए तैयार, शिफ्ट होने का हो रहा इंतजार

**2 बड़े विवि के हालात ऐसे...**

## अंबेडकर विधि विवि में एक भी फैकल्टी नहीं, वहीं पत्रकारिता विवि में 32 में से 25 पद खाली

सुरेन्द्र स्वामी | जयपुर

प्रदेश के कानून, पत्रकारिता एवं जनसंचार, हैल्थ, पशुपालन, कृषि और संस्कृत विश्वविद्यालयों में फैकल्टी के खाली पड़े पदों से क्वालिटी शिक्षा के दावों पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। सरकार द्वारा कानून, पत्रकारिता एवं जनसंचार यूनिवर्सिटी को जमीन आवंटन के बाद भवन बन गया है। फैकल्टी के खाली पड़े पदों के चलते न केवल छात्रों की पढ़ाई पर असर साफ नजर आ रहा है। बल्कि दी जा रही शिक्षा भी सवालों के घेरे में है। डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय की स्थापना 26 फरवरी 2019 के बाद शिक्षकों के 40 पद खाली हैं। ऐसे में न केवल कानून की पढ़ाई पर असर बल्कि संघटक कॉलेज भी नहीं खोल पा रहे हैं। राज्यपाल की ओर से अक्टूबर 2022 में शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में शैक्षणिक में 32 में से 25 रिक्त और अशैक्षणिक में 35 में से 26 पद रिक्त पड़े हैं। यहां रजिस्ट्रार, वित्त नियंत्रक, सीनियर लेखाधिकारी, मीडिया अधिकारी, लेखाकार, जूनियर एकाउंटेंट, सूचना सहायक और विधि सहायक के पदों पर प्रतिनियुक्ति पर लगा रखा है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सरकार को रिक्त पदों के लिए भेजा जा चुका है। सिर्फ अनुमति का इंतजार है। यह खुलासा **भास्कर** की ओर से दो बड़े विश्वविद्यालयों का अध्ययन करने के दौरान हुआ है। हाल ही में कुलपति की मीटिंग में राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के 80 फीसदी खाली पदों को लेकर चिंता जाहिर की है।

### दोनो विवि की क्वालिटी शिक्षा पर उठ रहे सवाल....



#### हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय

| पद | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|
| प्रोफेसर | 5 | कोई नहीं | 5 |
| एसो. प्रोफेसर | 10 | एक | 9 |
| असि. प्रोफेसर | 15 | 06 | 9 |
| लाइब्रेरियन | 1 | कोई नहीं | 1 |
| असि.लाइब्रेरियन | 1 | कोई नहीं | 1 |

#### डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विवि

- दहमीकला में जमीन आवंटन के बाद खुद का भवन बनकर तैयार हुआ।
- सबंद्धता प्राप्त कॉलेज संख्या करीबन 90
- यूजीसी के नियमानुसार ऑनलाइन पाठ्यक्रम भी संचालित नहीं।
- शैक्षणिक : 40 पद रिक्त।
- अशैक्षणिक : 54 में से 53 पद रिक्त।
- एकमात्र परीक्षा नियंत्रक के पद पर 8 अप्रैल 2022 को नियुक्ति।

#### राजस्थान विवि की स्थिति...

- प्रोफेसर के 61 में से 58 पद रिक्त।
- एसोसिएट प्रोफेसर के 135 में से 114 खाली।
- असिस्टेंट प्रोफेसर के 753 में से 369 खाली।

**अनुमति का इंतजार :** राजस्थान, विधि और पत्रकारिता एवं जनसंचार, स्वास्थ्य विज्ञान और संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपतियों की ओर से शैक्षणिक व अशैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। सरकार जो भी आदेश देगी, उसकी पालना होगी।

---

शाला दर्पण पोर्टल-पढ़ाई भगवान भरोसे

### स्कूलों में प्रवेश हुए पर नहीं मिली संकाय की स्वीकृति

जयपुर| सरकारी स्कूलों में एक तरफ नामांकन में बढ़ोतरी के प्रयास किए जा रहे हैं, दूसरी तरफ जिन बच्चों ने प्रवेश ले लिया। उनकी पढ़ाई भगवान भरोसे है। इसका कारण है कि बड़ी संख्या में स्कूल ऐसे हैं जिनमें 11 कक्षा में संकाय या विषय खोलने की स्वीकृति अब तक जारी नहीं हुई है। जिलों से संकाय खोलने के प्रस्ताव निदेशालय भेजे जा चुके हैं, लेकिन निदेशालय के अधिकारी इन प्रस्तावों पर निर्णय लेने की बजाय उनको दबाए बैठे हैं। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रारंभ नहीं हो पा रही है।

राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विपिन प्रकाश शर्मा का कहना है कि स्कूलों द्वारा प्रस्तावित विषयों में विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जा रहे हैं। लेकिन संकाय की स्वीकृति के अभाव में वह शाला दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है। इससे विद्यार्थियों के प्रवेश की डिटेल अपलोड नहीं हो रही है। यह स्थिति 11वीं तथा 12वीं के विद्यार्थियों के साथ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 11 तथा 12 के लिए प्रस्तावित ऐच्छिक विषय एवं अतिरिक्त विषय तथा संकाय की अनुमति जल्दी से जल्दी जारी की जाए। जिन स्कूलों में संकाय या विषय की अनुमति जारी होनी है। उनमें हिंदी के साथ साथ अंग्रेजी माध्यम के स्कूल भी हैं।

### 377 डीएलएड कॉलेजों में 25970 सीटें, 1.45 लाख हुए रजिस्टर्ड

जयपुर| प्रदेश में संचालित डीएलएड 377 कॉलेजों की 25970 सीटों पर दाखिले के लिए प्री-डीएलएड परीक्षा में शामिल हुए 1.45 लाख अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। अभ्यर्थियों की संख्या पिछले साल से 25 हजार अधिक है। औसत एक सीट पर 5 से अधिक दावेदारों के बीच प्रतिस्पर्धा रहेगी। नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा में डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश का शेड्यूल घोषित कर दिया है। रजिस्ट्रेशन करवाने वाले इन अभ्यर्थियों को प्री- डीएलएड परीक्षा की मेरिट और ऑनलाइन विकल्प के आधार पर 4 अगस्त को डीएलएड कॉलेजों में सीटों का आवंटन होगा।

---

### 9वीं से 12वीं तक प्रवेश अब 15 अगस्त तक

जयपुर| शिक्षा विभाग ने स्कूलों में 9वीं से 12वीं कक्षा तक प्रवेश की तिथि दूसरी बार बढ़ाई है। अब 15 अगस्त प्रवेश हो सकेंगे। नामांकन बढ़ोतरी, अनामांकित एवं ड्रापआउट बच्चों को स्कूलों से जोड़ने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी की गई है। पहली से आठवीं कक्षा तक सत्र पर्यंत प्रवेश जारी रहेंगे।

### पीसीआई की स्वीकृति विवि में अब 30 नवंबर तक

जयपुर| राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय ने फार्मेसी कॉलेजों को राहत प्रदान की है। जिसके तहत आरयूएचएस में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) नई दिल्ली की स्वीकृति 31 मई के स्थान पर अब 30 नवंबर तक भेज सकेंगे। यह निर्णय विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 161 वीं की आयोजित बैठक में लिया गया है। फार्मेसी कॉलेजों द्वारा शैक्षणिक संबद्धता शुल्क कलैंडर 2024-25 एवं नोटिफिकेशन आर्डिनेंस 80 के प्रावधान के अनुसार राहत दी है। यह आदेश प्रबंध मंडल के सदस्यों की अनुमति के बाद जारी किया गया है। नियमानुसार किसी भी फार्मेसी में डिप्लोमा-डिग्री संचालित करने वाले संस्थान को संबंधित विश्वविद्यालय को पीसीआई की स्वीकृति पत्र भी भेजना अनिवार्य है।

### BA-LLB, BBA-LLB : परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि आज

जयपुर। डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विवि की ओर से सत्र 2023-24 के बीए-एलएलबी, बीबीए-एलएलबी के दूसरे, चौथे और छठवें सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन सामान्य फीस के साथ गुरुवार तक कर सकते है। लेट फीस 500 रुपए के साथ ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 2 से 6 अगस्त रखी है। परीक्षा के लिए आवेदन सिर्फ ऑनलाइन ही कर सकते हैं।

**भास्कर खास** • हाईकोर्ट का सीएस, शिक्षा सचिव व शिक्षा निदेशक को निर्देश, सख्ती बरतें

# स्कूलों में शिक्षकों की तस्वीरें लगाएं, अगर डमी शिक्षकों से बच्चे पढ़वाएं तो बर्खास्त कर FIR दर्ज कराएं: कोर्ट

लीगल रिपोर्टर | जयपुर



हाईकोर्ट ने सीएस, शिक्षा सचिव व शिक्षा निदेशक को सरकारी स्कूलों में खुद की बजाय डमी यानी प्रॉक्सी शिक्षकों से बच्चों को पढ़वाने वाले शिक्षकों के खिलाफ सख्ती बरतने और ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाने को कहा है। हाईकोर्ट ने कहा है कि इस संबंध में सभी संस्था प्रमुख व अफसरों को निर्देश जारी किए जाएं। यदि ऐसे मामले की जांच में शिक्षक दोषी पाए जाएं तो अनुशासनात्मक कार्रवाई कर उन्हें निलंबित व बर्खास्त किया जाए। दोषियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। एफआईआर भी दर्ज की जाए।

जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह निर्देश डमी शिक्षक मामले में बारां के राजपुरा ग्राम के प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका मंजू गर्ग की याचिका खारिज करते हुए दिए। याचिका में प्रार्थिया ने शिक्षा विभाग के 22 दिसंबर 2023 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसे निलंबित करते हुए उसका मुख्यालय बारां से बीकानेर कर दिया था और चार्जशीट भी दे दी थी। आरोप लगाया था कि उसने स्कूल में खुद की जगह पढ़ाने के लिए डमी शिक्षक नियुक्त कर रखा है। अदालत ने कहा कि सरकारी स्कूलों में डमी शिक्षकों की यह प्रथा शिक्षा के पेशे के लिए भी बड़ा प्रहार है।

## शिकायत के लिए पोर्टल शुरू करे सरकार

अदालत ने राजस्थान सरकार और शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि आम जनता डमी शिक्षकों की शिकायत दर्ज कर सके, इसलिए एक वेबसाइट व पोर्टल शुरू करें। इस पर प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व मुख्य कार्यकारी अधिकारी का विवरण और टोल फ्री नंबर हो। सरकारी निर्देशों की पालना के लिए प्रभावी क्रियान्विति भी करें।

- स्कूलों का नियमित आकस्मिक निरीक्षण करने के लिए विभिन्न समितियों व उड़नदस्तों का गठन किया जाए। ताकि पता चल सके कि वास्तविक की जगह डमी शिक्षक तो नहीं पढ़ा रहे।
- डमी शिक्षक बच्चों को पढ़ाते मिले तो गैर हाजिर शिक्षक व डमी शिक्षक को सुनवाई का मौका देते हुए जांच की जाए और दोषी मिलने पर एफआईआर भी दर्ज की जाए।
- शिक्षा विभाग स्कूलों में नियुक्त शिक्षकों के फोटो भी लगाएं, ताकि वास्तविक व डमी शिक्षकों की पहचान आसानी से हो सके।
- प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापकों सहित प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा अधिकारियों को नोटिफिकेशन व सर्कुलर जारी किए जाएं, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि उनके संस्थान में कोई डमी शिक्षक नहीं पढ़ा रहा। शिक्षकों के अलावा, दोषी अधिकारी और प्रधानाचार्य व उस अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए जिसके क्षेत्राधिकार में ऐसा हुआ है।

### शिक्षा निदेशक ने जारी किया आदेश

# हर विद्यालयों की तैयार की जाएगी जन्म कुंडली, संस्था प्रधानों को सौंपी जिम्मेदारी

## अब शाला दर्पण पोर्टल पर हर विद्यालय की प्रोफाइल बनाई जाएगी, इसमें डाटा फीड किया जाएगा




›› एसबीटी न्यूज

**श्रीगंगानगर।** किस स्कूल की भौगोलिक स्थिति क्या है कब बोर्ड की मान्यता मिली और किस तरह की सह शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस प्रकार की तमाम जानकारी अब किसी स्कूल संस्था प्रधान को फोन करके नहीं पूछी जाएगी। इसके लिए अब शाला दर्पण पोर्टल पर विद्यालय की प्रोफाइल बनाई जाएगी। इस प्रोफाइल पर स्कूल संबंधित सभी तरह की जानकारी अपलोड होगी।

इसकी जिम्मेदारी शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने सभी संस्था प्रधानों को सौंपी है। इस संबंध में उन्होंने आदेश भी जारी किया है।आदेश में कहा गया है कि शाला दर्पण पोर्टल के डाटा के समुचित उपयोग करने के बाद विद्यालय प्रोफाइल के प्रत्येक भाग में लास्ट अपडेट डाटा आवश्यक रूप से अंकित करना होगा।श्रीगंगानगर,हनुमानगढ़ व अनूपगढ़ सहित राज्य भर में यह कार्य किया जाना है। इसको लेकर जिला मुख्यालय पर शिक्षा विभाग में उक्त कवायद शुरू हो चुकी है।

### यह जानकारी करनी होगी अपलोड

बेसिक प्रोफाइल के अन्तर्गत विद्यालय का नाम, भौगोलिक जानकारी, माध्यम, बोर्ड मान्यता क्रमांक, लोकसभा, विधानसभा, भौगोलिक सूचना, तृतीय भाषा, संचालित संकाय एवं विषय इत्यादि की सूचना अपलोड करनी होगी।

सह शैक्षणिक गतिविधियों के अन्तर्गत संस्था प्रधान, शाला दर्पण प्रभारी का विवरण सहित विद्यालय में संचालित एन.सी.सी., गाइड, स्काउट, बुलबुल, मीना मंच, वृक्ष एवं ईको क्लब, बाल संसद के संचालन की स्थिति आदि दर्ज करनी होगी। क्रमोन्नति संबंधित जानकारी में क्रमोन्नति का वर्ष, क्रमोन्नति क्रमांक एवं क्रमोन्नति का माध्यम आदि की जानकारी अपलोड की जाएगी। विद्यालय से निकटतम अन्य विद्यालयों का विवरण एवं उसकी दूरी दर्ज करनी होगी। निकटतम अन्य नागरिक सेवा संस्थानों का विवरण बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, पुलिस स्टेशन, स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र इत्यादि की सूचना भी दर्ज की जाएगी। स्कूल के पास से निकलने वाली सड़कों का भी विवरण दर्ज किया जाएगा।

**भास्कर खास** • हाईकोर्ट का सीएस, शिक्षा सचिव व शिक्षा निदेशक को निर्देश, सख्ती बरतें

# स्कूलों में शिक्षकों की तस्वीरें लगाएं, अगर डमी शिक्षकों से बच्चे पढ़वाएं तो बर्खास्त कर FIR दर्ज कराएं: कोर्ट

लीगल रिपोर्टर | जयपुर



हाईकोर्ट ने सीएस, शिक्षा सचिव व शिक्षा निदेशक को सरकारी स्कूलों में खुद की बजाय डमी यानी प्रॉक्सी शिक्षकों से बच्चों को पढ़वाने वाले शिक्षकों के खिलाफ सख्ती बरतने और ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाने को कहा है। हाईकोर्ट ने कहा है कि इस संबंध में सभी संस्था प्रमुख व अफसरों को निर्देश जारी किए जाएं। यदि ऐसे मामले की जांच में शिक्षक दोषी पाए जाएं तो अनुशासनात्मक कार्रवाई कर उन्हें निलंबित व बर्खास्त किया जाए। दोषियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। एफआईआर भी दर्ज की जाए।

जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह निर्देश डमी शिक्षक मामले में बारां के राजपुरा ग्राम के प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका मंजू गर्ग की याचिका खारिज करते हुए दिए। याचिका में प्रार्थिया ने शिक्षा विभाग के 22 दिसंबर 2023 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसे निलंबित करते हुए उसका मुख्यालय बारां से बीकानेर कर दिया था और चार्जशीट भी दे दी थी। आरोप लगाया था कि उसने स्कूल में खुद की जगह पढ़ाने के लिए डमी शिक्षक नियुक्त कर रखा है। अदालत ने कहा कि सरकारी स्कूलों में डमी शिक्षकों की यह प्रथा शिक्षा के पेशे के लिए भी बड़ा प्रहार है।

## शिकायत के लिए पोर्टल शुरू करे सरकार

अदालत ने राजस्थान सरकार और शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि आम जनता डमी शिक्षकों की शिकायत दर्ज कर सके, इसलिए एक वेबसाइट व पोर्टल शुरू करें। उस पर प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व मुख्य कार्यकारी अधिकारी का विवरण और टोल फ्री नंबर हो। सरकारी निर्देशों की पालना के लिए प्रभावी क्रियान्विति भी करें।

- स्कूलों का नियमित आकस्मिक निरीक्षण करने के लिए विभिन्न समितियों व उड़नदस्तों का गठन किया जाए। ताकि पता चल सके कि वास्तविक की जगह डमी शिक्षक तो नहीं पढ़ा रहे।
- डमी शिक्षक बच्चों को पढ़ाते मिले तो गैर हाजिर शिक्षक व डमी शिक्षक को सुनवाई का मौका देते हुए जांच की जाए और दोषी मिलने पर एफआईआर भी दर्ज की जाए।
- शिक्षा विभाग स्कूलों में नियुक्त शिक्षकों के फोटो भी लगाएं, ताकि वास्तविक व डमी शिक्षकों की पहचान आसानी से हो सके।
- प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापकों सहित प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा अधिकारियों को नोटिफिकेशन व सर्कुलर जारी किए जाएं, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि उनके संस्थान में कोई डमी शिक्षक नहीं पढ़ा रहा। शिक्षकों के अलावा, दोषी अधिकारी और प्रधानाचार्य व उस अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए जिसके क्षेत्राधिकार में ऐसा हुआ है।

# सीयूईटी यूजी 2024: 11.13 लाख विद्यार्थियों के 283 केंद्रीय एवं स्टेट यूनिवर्सिटीज में मिलेगा प्रवेश

**» हाइब्रिड मोड पर हुई थी परीक्षा » अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की संख्या 8.22 लाख, हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों की संख्या 1.64 लाख व अन्य सभी क्षेत्रीय भाषाओं से शामिल विद्यार्थियों की संख्या 1.27 लाख है**

» एसबीटी न्यूज

**श्रीगंगानगर।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय तथा यूजीसी नई दिल्ली के मार्गदर्शन में आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी यूजी) का परीक्षा परिणाम एनटीए ने जारी कर दिया। एजेंसी द्वारा जारी किए आंकड़ों के अनुसार, सीयूईटी यूजी 2024 प्रवेश परीक्षा में 11.13 लाख विद्यार्थियों के प्रवेश का रास्ता साफ हो गया।

यह परीक्षा हाईब्रिड मोड पर आयोजित की गई थी। इसके परीक्षा परिणाम के आधार पर 283 सेंट्रल तथा स्टेट यूनिवर्सिटीज एवं कई उच्च शिक्षण संस्थानों के अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा।



एजुकेशन एक्सपर्ट के अनुसार देश के अग्रणी उच्च शिक्षण संस्थानों के अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित सीयूईटी यूजी 2024 में सम्मिलित विद्यार्थियों की संख्या के आंकड़ों का विश्लेषण किया जाए तो पता चलता है कि यहां अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों का ही दबदबा है। हिंदी भाषा तथा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं से सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या का आंकड़ा चिंताजनक है।

अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की संख्या 8.22 लाख, हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों की संख्या 1.64 लाख व अन्य सभी क्षेत्रीय भाषाओं से शामिल विद्यार्थियों की संख्या 1.27 लाख है।

## हिंदी भाषा तथा क्षेत्रीय भाषाओं में विद्यार्थियों की संख्या कम, चिंताजनक

अंग्रेजी माध्यम से सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या हिंदी माध्यम से सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या से 5 गुना है। यह विषय इसलिए चिंताजनक है कि उच्च शिक्षण संस्थानों में हिंदी माध्यम तथा क्षेत्रीय भाषाओं के विद्यार्थियों की संख्या कम होने से हिंदी भाषा तथा क्षेत्रीय भाषाओं में आने वाले भविष्य में विषय विशेषज्ञ भी उपलब्ध नहीं होंगे, क्योंकि जो हिंदी भाषा एवं क्षेत्रीय भाषा में पढ़ेंगे ही नहीं, वे इन भाषाओं में पढ़ाएंगे कैसे।

## यह आंकड़ा चौंकाने वाला है

सीयूईटी में बायोलॉजी विषय से सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 3.13 लाख रही, जबकि गणित विषय के विद्यार्थियों की संख्या 3.89 लाख रही। यह आंकड़ा चौंकाने वाला है, क्योंकि सामान्य तौर पर बायोलॉजी विषय से लगभग 24 लाख विद्यार्थी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी में सम्मिलित होते हैं। जबकि गणित विषय से इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या लगभग 12 लाख रहती है। सामान्यतः बायोलॉजी के विद्यार्थियों की संख्या गणित के विद्यार्थियों की संख्या के सापेक्ष दोगुनी है, किंतु सीयूईटी यूजी में ऐसा नहीं है।

**आईटी सेक्टर** • अप्रैल-जून में तिमाही आधार पर 2,034 कर्मी घटे

# आईटी में एक लाख भर्ती की तैयारी, लगातार 7 तिमाही से घट रहे थे कर्मी

शिवानी शिंदे, आशुतोष | नई दिल्ली

देश की टॉप-5 आईटी कंपनियों में कर्मचारियों की संख्या घटने का सिलसिला सात तिमाही से जारी है। बीते अप्रैल-जून तिमाही में टीसीएस, इन्फोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा में कुल कर्मचारियों की संख्या जनवरी-मार्च तिमाही के मुकाबले 2,034 घटी है।

खास बात यह है कि टीसीएस, विप्रो और टेक महिंद्रा ने बीती तिमाही में कर्मचारी जोड़ने की जानकारी दी है। इतना ही नहीं, अब वे कैंपस सिलेक्शन के जरिये हायरिंग की योजना बना रहे हैं। एक्सपर्ट्स का यह भी कहना है कि आईटी कंपनियां कैंपस सिलेक्शन से इतर भी हायरिंग करेंगी। कई कॉलेजों ने कहा है कि आईटी कंपनियों ने कैम्पस हायरिंग का इरादा जताया है। एचआर एक्सपर्ट्स का भी कहना है कि मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 पिछले वित्त वर्ष से बेहतर होगा। एक्सफेनो के अनुमान के अनुसार, आईटी सेक्टर के लिए कैंपस से कुल भर्ती 1 से 1.20 लाख के आसपास हो सकती है। पिछले साल सामूहिक रूप से एंट्री लेवल पर टैलेंट की हायरिंग 70 हजार से कम रही थी। इंजीनियरिंग कैंपस में हायरिंग का सीजन जुलाई से शुरू होता है और सितंबर तक चल सकता है। स्पेशलिस्ट स्टाफिंग कंपनी एक्सफेनो के को-फाउंडर अनिल एथनूर के मुताबिक विपरीत परिस्थितियां और मैक्रो अनिश्चितताएं अभी तक दूर नहीं हुई हैं। हालांकि कंपनियों ने अपनी फ्रेशर्स की नियुक्ति योजनाओं के बारे में बताया है, लेकिन बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि मौजूदा और अगली तिमाही कैसी रहती है।

## टॉप-3... आईटी कंपनियों में 11.5 लाख कर्मचारी



| कंपनी | कर्मचारी |
|---|---|
| • टीसीएस | 6,06,998 |
| • इन्फोसिस | 3,15,332 |
| • एचसीएल टेक | 2,27,481 |

**15,23,742**
कुल कर्मचारी काम कर रहे थे 5 कंपनियों में जून तिमाही तक

**15,25,776**
कुल कर्मचारी काम कर रहे थे इन कंपनियों में मार्च तिमाही तक

### जून तिमाही में टीसीएस ने 5,452 नए कर्मचारी जोड़े

अप्रैल-जून में टीसीएस के साथ 5,452 नए कर्मचारी जुड़े। इससे पहले लगातार 4 तिमाही में वर्कफोर्स घटी। जुलाई-दिसंबर 2023 तक 12 हजार कर्मचारी घटे थे। कर्मचारियों को नियुक्त करने का लक्ष्य रख रहे हैं। इन्फोसिस में कर्मचारियों की संख्या लगातार छठी तिमाही घटी।

सिलेबस अपडेट • एनसीईआरटी ने नई किताब लॉन्च की, क्यूआर स्कैन से सुन सकेंगे चैप्टर्स का ऑडियो

# क्लास 6 के स्टूडेंट्स 'पूर्वी' में पढ़ेंगे दोस्ती, रिश्तों के मायने, परिश्रम, वेलनेस और कल्चर; अगले सत्र से होगी शुरुआत

**उदिषा पारीक** | जयपुर

अब क्लास 6 के स्टूडेंट्स अंग्रेजी में रोचक किताब पढ़ेंगे 'पूर्वी'। इसकी 5 यूनिट में वे कहानियों, कविताओं और आख्यान (नैरेटिव) के जरिए फ्रेंडशिप, वेलनेस, स्पोर्ट्स, नेचर, आर्ट और कल्चर के बारे में जान पाएंगे। इस बुक का मकसद स्टूडेंट्स को इंडियन कल्चर से जोड़ना और कॅरियर में आने वाली चुनौतियों व अवसरों के लिए तैयार करना है। एनसीईआरटी ने इस मकसद से **क्लास 6 के लिए नई अंग्रेजी की किताब 'पूर्वी' लॉन्च की** है। इसमें सांस्कृतिक विरासत, जेंडर इक्वैलिटी, डिजिटल स्किल्स के साथ नैतिक मूल्यों को शामिल किया है। यह बुक 'नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020' और 'नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन 2023' के आधार पर बनाई है। इसे अगले सत्र से लागू किया जाएगा। गौरतलब है कि सीबीएसई ने इस साल क्लास 3 और 6 के कोर्स में बदलाव किया था। यही वजह रही कि अप्रैल में नए कोर्स पर आधारित किताबें मार्केट में नहीं आई थीं। इसके लिए एनसीईआरटी ने 'नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन 2023' के तहत ब्रिज कोर्स और गाइडलाइन जारी की थी। अगले साल से सीबीएसई स्कूलों में इस किताब से पढ़ाया जाएगा। इसमें क्यूआर कोड भी है, जिसे स्कैन करके स्टूडेंट्स चैप्टर्स का ऑडियो भी सुन सकेंगे।




## बुक की 5 यूनिट में सिमटा पूरे जीवन का सार

किताब की पहली यूनिट में बच्चे मेहनत और परिश्रम, घमंड और चापलूसी की निरर्थकता और ग्राफिक्स के जरिए दिमाग से चुनौतियों पर काबू पाना सीखेंगे। दूसरी यूनिट में स्टूडेंट्स को फ्रेंडशिप के सही मायने समझाए जाएंगे। तीसरी यूनिट में प्रकृति और इंसान के बीच के रिश्ते, नीम के फायदे और घर में उपयोग में लिए जाने वाले मसालों को उपचार के काम लेना भी समझाया जाएगा। चौथी यूनिट में स्पोर्ट्स और वेलनेस के माध्यम से फिजिकल और मेंटल हेल्थ के साथ योग का महत्व बताया जाएगा। पांचवीं यूनिट में भारत के कल्चर और ट्रेडिशन से स्टूडेंट्स रूबरू होंगे। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के साथ 'कलाकृतियों का भारत' चैप्टर में समृद्ध विरासत, शिल्पकला को समझाया है। खास बात यह कि अंग्रेजी की किताब होने के बावजूद इसमें 'इंडिया' की जगह 'भारत' शब्द का प्रयोग किया गया है।

## स्टूडेंट्स को बुक से मिलेंगे ये फायदे

1 स्वतंत्र रूप से पढ़ने की समझ विकसित होगी। चैप्टर्स में कहानियां, कविताएं, नाटकों के अंश पढ़ कर उनका सारांश, निबंध, लेख और समाचार रिपोर्ट लिखने की स्किल बढ़ेगी।

2 सामाजिक घटनाओं के बारे में अपने विचार, भावनाएं और अनुभव लिखना सीखेंगे।

3 प्रश्न पूछने, वर्णन करने, विश्लेषण करने और उत्तर देने से जुड़ी कम्युनिकेशन स्किल डवलप होगी।

4 विभिन्न साहित्यिक उपकरणों और साहित्य के रूपों के बारे में जानेंगे।

इस साल सीबीएसई ने क्लास 6 के सिलेबस में बदलाव किए हैं। अप्रैल में शुरू हुए सेशन के लिए नए कोर्स से संबंधित किताबें मार्केट में उपलब्ध नहीं होने की वजह से पैरेंट्स ने पुरानी किताबें खरीद लीं तो अभी सभी स्कूलों में उन्हीं किताबों से पढ़ाया जा रहा है। नए सिलेबस की किताबों से अगले साल से पढ़ाया जाएगा।

**-डॉ. सुनीता वशिष्ठ,** सिटी कोऑर्डिनेटर, सीबीएसई

दैनिक भास्कर अलवर भास्कर 01-08-2024

फ्री किताबें व ड्रेस, मिड डे मील, छात्रवृत्ति, मुफ्त टैबलेट के बावजूद सरकारी स्कूलों से बच्चे हो रहे दूर

# सरकारी स्कूलों में 37 हजार बच्चे बढ़ाने थे, 27 हजार घटे, अफसर कोविड को कारण बता रहे

भास्कर न्यूज़|अलवर

सरकार ने राजकीय स्कूलों में मिड डे मील, छात्रवृति, ट्रांसपोर्ट वाउचर, फ्री किताब, फ्री ड्रेस और ना जाने कितनी ही योजनाएं चला रखी हैं। ताकि बच्चे इनमें पढ़ें, लेकिन ये तमाम सुविधाएं बच्चों और अभिभावकों पर असर नहीं डाल रही। स्कूलों में प्रवेशोत्सव के दो चरण के बाद सामने आए आंकड़े यही बता रहे हैं। अलवर में शिक्षा विभाग को इस सत्र में 37 हजार 693 बच्चों को सरकारी स्कूलों से जोड़ना था। हुआ उलट। करीब 27 हजार बच्चे सरकारी स्कूल ही छोड़ गए। इनमें 17 हजार 964 सेकंडरी सेटअप और 9657 बच्चे प्राइमरी सेटअप के थे। असर ये हुआ कि 1 मई से 31 जुलाई के बीच चले प्रवेशोत्सव के दो चरणों में कुल नामांकन 29 हजार 435 ही रह गया। यह आंकड़ा पहली से 12वीं कक्षा तक है। विभाग के लक्ष्य से 8258 कम रह गया है। सरकार के लिए चिंताजनक ये है कि यह महज एक साल की स्थिति नहीं है। सत्र 2022-23 में जहां जिले में 16 ब्लॉकों की 964 स्कूलों में 2 लाख 79 हजार 790 नामांकन था। वहीं यह 2023-24 में घटकर 2 लाख 60 हजार 375 ही रह गया है। मतलब एक ही साल में सरकारी स्कूलों में 19 हजार 415 बच्चे कम हो गए हैं। इसके बाद 2023-24 से 2024-25 में यह नामांकन 17 हजार 964 घटा है। कोविड से पूरी दुनिया उबर चुकी, शिक्षा अधिकारी कोविड इफेक्ट का बहाना ले रहे कोविड की चुनौतियों से दुनिया साल 2022 में उबरने लगी। कामकाज पर इसका अब कोई असर नहीं है, लेकिन शिक्षा विभाग के अफसर अपनी नाकामियां और स्कूलों में बदइंतजामी छिपाने के लिए अब तक कोविड इफेक्ट का राग अलाप रहे हैं। कोरोनाकाल के बाद सरकार ने स्कूलों को 10 प्रतिशत नामांकन बढ़ाने का लक्ष्य दिया था। कोविड की दूसरी लहर के बावजूद लक्ष्य प्राप्त कर लिया, लेकिन जब कहीं इसका असर नहीं बचा तो शिक्षा अधिकारी कोरोना को कारण बता रहे हैं। तर्क दे रहे हैं कि उच्च प्राथमिक स्कूलों से 8वीं और सीनियर स्कूलों से 12वीं के बाद बच्चे चले जाते हैं, लेकिन यह लक्ष्य में से कम नहीं किया जाता है। नामांकन कम होने की वजह में स्कूलों में शिक्षकों के पदों का रिक्त होना भी है।

*फिलहाल कोविड इफेक्ट भी चल रहा है, लेकिन प्रयास किए जा रहे हैं कि नामांकन अधिक से अधिक हो। इसके लिए सरकार ने भी पौधरोपण में अंक देने का प्रावधान किया है। अभी प्रवेशोत्सव चल रहा है और कक्षा 1 से 8 तक के प्रवेश सत्रभर चलेंगे। इसलिए नामांकन बढ़ेगा। सभी सीबीईओ व संस्था प्रधानों को नामांकन बढ़ाने के लिए पाबंद किया है यदि कहीं कोई कमी है तो उसकी जांच कराकर नामांकन बढ़ाया जाएगा।*
–नेकीराम , जिला शिक्षा अधिकारी

| वर्ष | नामांकन |
|---|---|
| 2020-21 | 275017 |
| 2021-22 | 308535 |
| 2022-23 | 279790 |
| 2023-24 | 260375 |
| 2024-25 | 241300 |

दैनिक भास्कर

डूंगरपुर भास्कर 01-08-2024

# कॉलेज में अब 75% उपस्थिति अनिवार्य ऐसा नहीं होने पर अब छात्रवृत्ति रुकेगी

## बदलाव: कम उपस्थिति वाले स्टूडेंट्स एग्जाम में भी नहीं बैठ सकेंगे

भास्कर न्यूज|सागवाड़ा

कॉलेजों के रेगुलर स्टूडेंट्स के लिए अब 75 फीसदी अटेंडेंस अनिवार्य कर दी गई है। कॉलेज आयुक्तालय ने इसके निर्देश जारी किए हैं। 75% से कम अटेंडेंस पर स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप व इंटरनल असेसमेंट के मार्क्स से वंचित रहना पड़ेगा। साथ ही उन्हें एग्जाम में भी नहीं बैठने दिया जाएगा। नियमित विद्यार्थी टाइम टेबल के अनुसार अपनी कक्षाओं में उपस्थित दर्ज कराएं। 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले स्टूडेंट्स नियमित विद्यार्थी के रूप में परीक्षा नहीं दे पाएंगे। साथ ही सेमेस्टर प्रणाली में कॉलेज स्तर पर किए जाने वाले इंटरनल असेसमेंट में अटेंडेंस के आधार पर मिलने वाले मार्क्स और छात्रवृत्ति के लाभ से भी वंचित हो जाएंगे। कॉलेज आयुक्तालय द्वारा संशोधित ऑनलाइन प्रवेश कार्यक्रम के तहत विद्यार्थी 6 अगस्त तक दस्तावेज सत्यापन व ऑनलाइन शुल्क जमा करा सकेंगे।

### इन स्कॉलरशिप व योजनाओं का नहीं मिलेगा फायदा

- **काली बाई भील स्कूटी योजना :** 12वीं में आरबीएसई में 65% व सीबीएसई बोर्ड में 75% से अधिक अंक लाने वाली रेगुलर छात्राओं को स्कूटी दी जाती है।
- **देवनारायण स्कूटी योजना :** आरबीएसई या सीबीएसई में 12वीं में 50% या अधिक अंक प्राप्त करने वाली अति पिछड़ा वर्ग में गुर्जर सहित 5 जातियों की छात्राओं को स्कूटी व प्रोत्साहन राशि देते हैं।
- **उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना:** ढाई लाख से कम आय वर्ग के स्टूडेंट्स को कक्षा 12वीं में 60% प्राप्त कर पहले 1 लाख आवेदन करने वाले कॉलेज के नियमित छात्र-छात्राओं को दी जाती है।
- बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना, विधवा/परित्यक्ता मुख्यमंत्री (बीएड) संबल योजना, स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप आदि योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा।

# इग्नू से अब होगा कृषि व्यवसाय में एमबीए

## विद्यार्थियों के रोजगार के नए अवसर मिलेंगे

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने इसी शैक्षणिक सत्र जुलाई-2024 से कृषि व्यवसाय में एमबीए कार्यक्रम की शुरुआत की हैं। इससे कृषि व्यवसाय के क्षेत्र में उद्यमशीलता का ज्ञान तथा विद्यार्थियों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और कृषि व्यवसाय तथा स्टार्टअप को बढ़ावा देकर कृषि क्षेत्र में लाभप्रदता एवं दक्षता को बढ़ावा मिलेगा। स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी, प्रगतिशील किसान तथा कृषि बिस्तार कार्यकर्ता शामिल किए गए है।

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

**यह है चयन की प्रक्रिया:** कार्यक्रम की अवधि 2 बर्ष रखी गई है। कार्यक्रम में प्रवेश पाने के लिए किसी भी विषय में स्नातक उपाधि में सामान्य श्रेणी के लिए 50 प्रतिशत अंक आवश्यक है तथा आरक्षित श्रेणी के लिए 45 प्रतिशत अंकों के साथ प्रवेश दिया जाएगा। कार्यक्रम की फीस 15000 रुपए प्रति सेमेस्टर निर्धारित की गई है।

**प्रबंधन और कृषि व्यवसाय में कौशलता की कवायद:** इग्नू जयपुर की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. ममता भाटिया ने कहा कि इस कार्यक्रम का पाठ्यक्रम कुछ इस तरह तैयार किया गया है, कि वह विद्यार्थियों में प्रबंधन और कृषि व्यवसाय में कौशलता की एक विस्तृत श्रृंखला से लैस करेगा। साथ ही कृषि व्यवसाय प्रबंधन और नीतियों, परियोजना प्रबंधन, कमोडिटी व्यापार, उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, कृषि व्यवसाय में खरीद और सामग्री प्रबंधन पर केंद्रित है।

दैनिक भास्कर बांसवाड़ा जिला 01-08-2024

### खुलासे के बाद एजेंट सेवालाल को प्रोडक्शन वारंट से किया गिरफ्तार

# शिक्षक भर्ती परीक्षा-2021: एजेंट सेवालाल ने बैठाया था दीपक की जगह डमी केंडिडेट

भास्कर संवाददाता | बांसवाड़ा

शिक्षक भर्ती परीक्षा -2021 में दीपक कुमार परमार की जगह डमी अभ्यर्थी बैठाने का बंदोबस्त सल्लोपाट के हाड़ी निवासी एजेंट सेवालाल भाभोर ने किया था। इसके बाद दीपक का चयन हो गया और वह पाटन के राउप्रावि कढ़वाली कला स्कूल में पदस्थ था। पूछताछ में इस खुलासे के बाद पुलिस ने पहले से न्यायिक हिरासत में चल रहे आरोपी सेवालाल को प्रोडक्शन वारंट के जरिए बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस सेवालाल से डमी अभ्यर्थी के बारे में पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने मंगलवार को सल्लोपाट के ढालर निवासी दीपक कुमार परमार डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा उत्तीर्ण करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार 30 जून को शिक्षा विभाग की ओर से कुशलगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें दीपक कुमार परमार के अलावा टिमेडाबड़ा के कातूसिंह डामोर, रमेशबरिया, सज्जनगढ़ के पाली बड़ी केदिनेश चंद्र अड़, बागीदौरा के खोखरवा पिंडारमा के शिवलाल चरपोटा डमी अभ्यर्थियों को बैठाकर अध्यापक लेवल-2 में चयन कराने की शिकायत दर्ज कराई थी।



आरोपी शिक्षक सेवालाल भाभोर।

# प्रस्तावित नई बिल्डिंग में ऑनलाइन परीक्षाएं कराएगा आरपीएससी

## दो हजार अभ्यर्थियों की क्षमता के दो हॉल बनेंगे

कार्स/अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग अपनी परीक्षाएं ऑनलाइन आयोजित कराने की तैयारी में गंभीरता से जुट गया है। आयोग की जयपुर रोड पर प्रस्तावित नई बिल्डिंग में दो हॉल बनाए जाएंगे। जहां दो हजार अभ्यर्थी एक साथ बैठकर ऑनलाइन परीक्षा दे सकेंगे।

आरपीएससी में ऑनलाइन परीक्षाएं कराने की तैयारी लम्बे समय से चल रही है। लेकिन अब इस योजना को जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा। आयोग अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय ने हाल ही इस सम्बंध में आयोग सदस्यों व अधिकारियों से चर्चा की। आयोग की एक नई बिल्डिंग जयपुर रोड पर बनेगी। इसकी वित्तीय स्वीकृति के लिए आयोग ने राज्य सरकार को पत्र लिखा है। इस बिल्डिंग में दो बड़े हॉल बनाए जाएंगे। इन दोनों हॉल में दो हजार अभ्यर्थी एक साथ बैठकर परीक्षा दे सकेंगे। आयोग शुरुआत में कम पदों पर परीक्षाएं ऑनलाइन कराएगा।

### यह है अड़ंगा

आयोग पहले भी ऑनलाइन परीक्षाएं कराना चाह रहा था। लेकिन खुद का भवन नहीं होने के कारण आयोग को किराए का भवन लेना पड़ता। कम्प्यूटर इत्यादि संसाधन भी किराए पर लेने पड़ते। इससे गोपनीयता भंग होने का खतरा रहता। लेकिन खुद का भवन, कम्प्यूटर होने से यह खतरा अब नहीं रहेगा।

### नए भवन में होंगी ये भी सुविधाएं

- आयोग के गेस्ट हाउस में कम कमरे होने के कारण साक्षात्कार बोर्ड में आने वाले लोगों को वर्तमान में सर्किट हाउस व अन्य जगह ठहराना पड़ता है। ऐसे में यह खतरा था कि आमजन भी उनसे सम्पर्क कर सकते हैं। नई बिल्डिंग में पर्याप्त कमरे होने से साक्षात्कार बोर्ड के लोगों को भी वहां ठहराया जा सकेगा।
- आरएएस मुख्य परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है और उसकी उत्तर पुस्तिकाओं की ऑनलाइन स्क्रीन मार्किंग की जा रही है। इस काम के लिए आयोग को हर बार नई जगह तलाशनी पड़ती है। अब यह काम भी नई बिल्डिंग में कराया जा सकेगा।

### इनका कहना है

आयोग के नए भवन में दो बड़े हॉल बनाएंगे, जहां एक साथ दो हजार अभ्यर्थी बैठकर ऑनलाइन परीक्षा दे सकेंगे। नए भवन में और भी कई सुविधाएं होंगी। इस सम्बंध में आयोग सदस्यों व अधिकारियों से विचार विमर्श किया गया। नई बिल्डिंग के निर्माण की वित्तीय स्वीकृति के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखा गया है।

**-संजय श्रोत्रिय, अध्यक्ष, राजस्थान लोक सेवा आयोग**

# आरपीएससी अध्यक्ष श्रोत्रिय का कार्यकाल आज होगा पूरा

## सरकार आज ही कर सकती है नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय का कार्यकाल गुरुवार को पूरा हो जाएगा।



आयोग में सदस्य का एक पद पहले से ही रिक्त है। संभावना है कि राज्य सरकार गुरुवार को ही नए अध्यक्ष और सदस्य के नाम का ऐलान कर सकती है।

आयोग अध्यक्ष के पद पर संजय श्रोत्रिय ने 16 फरवरी 2022 को कार्यभार ग्रहण किया था। श्रोत्रिय का कार्यकाल गुरुवार को पूरा हो जाएगा। उनका विदाई समारोह गुरुवार को आयोग में आयोजित किया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि राज्य सरकार गुरुवार को अध्यक्ष व सदस्य के नाम का ऐलान कर सकती है। माना जा रहा है कि इस बार भी आयोग अध्यक्ष किसी ऐसे ब्यूरोक्रेट्स को बनाया जाएगा, जो हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं।

### राजेश्वर सिंह का नाम भी शामिल

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजेश्वर सिंह बुधवार को राजस्व मंडल के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हो गए। अब आयोग अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम की भी संभावना जताई जा रही है।